being combed to mop them up. So far 82 persons from Issac Swu's gang have been captured and 3 have been killed in 24 encounters and clashes. On our side, there has been only one casualty, namely, 1 officer wounded. Our Security Forces have so far recovered 60 weapons from this gang. These consist of one 60 mm mortar, one rocket launcher, one 7.62 mm LMG, 33 semiautomatic rifles, one 303 rifle. 11 sub-machine guns and 12 pistols. A substantial quantity of ammunition has also been recovered. Most of these weapons and ammunition are of Chinese origin.

Cases against those who have been captured are being examined on merits and appropriate action will be taken against them in accordance with the law.

Our Security Forces have throughout been working in close consultation with the Governor and the Government of Nagaland and receiving full-co-operation from the village guards and the civilian population. There have been a number of instances where villagers themselves have rounded up China returned Nagas and handed them over to the Security Forces along with weapons. The Village Guards have also been actively assisting the Security Forces and 9 members of Issac Swu's gang along with weapons were captured by them.

I am sure, the House would wish me to convey our appreciation of the commendable work done by our Security Forces as well as by the Village Guards and the civil population in the Nagaland, and congratulate the Government of Nagaland for the success of these operations. I have no doubt that we have been able to break the backbone of the misguided movement of those Nagas who had sought help and inspiration from foreign Powers. The success of our operations should enable the State Government to bring all the misguided elements to the path of peace and reason, and it is my hope that before long, normalcy would return to Nagaland and all the Nagas would be able to work for their progress and prosperity in accordance with our democratic Constitution and traditions.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

Thirty-third Report

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): I beg to move :

> "That this House do agree with the Thirty-third Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 31st March, 1969"

MR. SPEAKER : The question is :

> "That this House do agree with the Thirty-third Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 31st March, 1969."

The motion was adopted.

DEMANDS FOR GRANTS-*Contd.*

Ministry of Irrigation and Power-*Contd.*

MR. SPEAKER : We have taken 1 hour 50 minutes, Still we have got 2 hours 10 minutes.

SHRI S. M. BANERJEE : May I suggest that the hon. Minister may intervene at 5 O'clock.

MR. SPEAKER : On Irrigation and Power one or two hon. members may like to speak. It is only to-day it is on the agenda. After Irrigation and Power, Andhra discussion comes. The Minister may begin the reply at 4 O'clock. He will take about 40 minutes. There will be no extension. By half an hour or 20 minutes we exceed normally.

Now Shri Ganga Reddy was speaking.

We adjourn for lunch and meet at 2 O'clock.

13 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at five minutes past Fourteen of the Clock.

[Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*]

DEMANDS FOR GRANTS *Contd.*

Ministry of Irrigations and Power-*Contd.*

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri Ganga Reddy may continue his speech.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ने आप को भी पत्र द्वारा सूचित किया था, और मैं अपनी बात एक दो मिनट में खत्म कर दूंगा। मेरे क्षेत्र के मुंगेर शहर में पिछले दो महीनों में चार या पांच मर्तबा हिन्दू मुसलमानों के दंगे करवाये गये हैं और करीब करीब एक दर्जन मुसलमानों को कत्ल किया गया है। पुलिस वाले इस के बारे में कुछ नहीं कर रहे हैं। जब बिहार में राष्ट्रपति का शासन था तब कई मर्तबा मैं ने गवर्नर साहब, चीफ सेक्रेट्री और कलेक्टर सब को पत्र लिखे थे। लेकिन मेरी समझ में नहीं आता है कि इस तरह की वार्ता की तरफ केन्द्रीय सरकार क्यों ध्यान नहीं दे रही है। आखिरकार केन्द्रीय सरकार की भी कोई जिम्मेदारी है। इसी तरह से बिहार के अन्दर पुरी के शंकराचार्य खुल्लम खुल्ला अस्पृश्यता का प्रचार करते हैं और अस्पृश्यता में विश्वास करते हैं। क्या अस्पृश्यता कानून की तहत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है? अगर शंकराचार्य जैसे आदमी को जेल में रक्खा जा सके, तो मुझे पूरा विश्वास है कि अस्पृश्यता के बारे में जो दकियानूसी विचार हैं वह खत्म हो जायेंगे। इस लिये इन दोनों बातों की तरफ गृह-मंत्री का ध्यान आप दिलायें कि मुसलमानों का कत्ल किया गया है, अस्पृश्यों के ऊपर अत्याचार हो रहा है। पुरी के शंकराचार्य को जेल में डाला जाय ताकि सारी दुनिया को पता लगे कि अस्पृश्यता के बारे में जो संविधान की धारा है, उस पर हमारा विश्वास है और हम उस पर कार्रवाई कर रहे हैं।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : जब डा० कर्ण सिंह ने उस कांफरेंस का उद्घाटन किया था तब शंकराचार्य ने बयान दिया कि वेदशास्त्र जो है उसमें लिखा है कि हरिजन ज्यों का त्यों रहे। यह मैं ने होम मिनिस्ट्री पर बोलते हुए कहा था। लेकिन आज के अखबारों ने उस को टोटली नेगलेक्ट किया कि हरिजनों के साथ अत्याचार हो रहा है। हम लोग आप का प्रोटेक्शन चाहते हैं।

MR. DEPUTY SPEAKER : What can I do about it ? It would have been proper if the Hon. Member had pointed out the events in Monghyr yesterday at the time of Home Ministry's demands. These should have been brought to the notice of the Home Minister then.

श्री मधु लिमये : दो तीन दिन से फिर शुरू हो गये हैं। मैं सोच रहा था कि वह रुक जायेगा। नहीं तो मैं गृह-कार्य मंत्रालय की मांगों के समय कहता।

MR. DEPUTY SPEAKER : That was the proper time.

श्री शशि भूषण (खारगोन): कटक (उड़ीसा) में मुसलमानों पर झूठा बम केस चलाया जा रहा है। कई मुसलमानों को गिरफ्तार किया गया था और उनके साथ अन्याय हो रहा है। मैं आप के जरिये सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। शंकराचार्य के बारे में राज्य सभा में काफी कहा जा चुका है।

श्री जार्ज फरनेन्डीज़ (बम्बई दक्षिण) : उपाध्यक्ष महोदय, हम लोग यहां न कहें तो फिर कहां अपने प्रश्नों को उठायें। मैं महसूस करता हूं कि आप परेशानी में हैं। लेकिन हम करें क्या ? मुंगेर का मामला है, मैसूर का मामला है...

MR. DEPUTY SPEAKER : I do not want to shut out anybody. But I would have appreciated if this was mentioned yes-

terday when there was a debate on the Home Ministry's demands.

SHRI J. H PATEL (Shimoga) : This is not a stray incident in Bihar or in U. P. This is a planned thing throughout India. In Mysore State, within the course of six months, it started from Chikmagalur where there was looting, arson and attack on minority communities. Then it happened in Mangalore. Shri George Fernandes went there. Muslims were actually murdered and their properties were damaged. Very recently two weeks back, it happened in Hooghly.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have permitted you. Now please listen. So far as Sankaracharya's speech is concerned, I am told that for tomorrow the Speaker has admitted a Calling Attention Notice. So, it is over now. About other matters, you have brought them to our notice. Whatever both of you have said will be taken note of.

श्री मधु लिमये : आप गृह-कार्य मंत्री का ध्यान दिलाइये ।

श्री हुकमचंद कछवाय (उज्जैन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ने नोटिस दिया था आप को । मेरे क्षेत्र उज्जैन के अन्दर केन्द्र द्वारा कंट्रोलर बिठलाया गया है हीरा मिल के अन्दर । उस को बन्द करने का नोटिस लगाया गया है । 4,000 मजदूर बेकार हो रहे हैं । उज्जैन के अन्दर कुम्भ का मेला चल रहा है । इस से वहां अशान्ति बढ़ेगी । मैं कहता हूं कि सरकार उस कंट्रोलर को वहां से हटाये ।

MR. DEPUTY SPEAKER : You should write to the Speaker in a proper way and then bring it to the notice of the House. You should write to the Speaker and he will take note of it.

श्री हुकमचंद कछवाय : मैं ने नोटिस दिया है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला । इतने लोगों का सवाल है । 4,000 मजदूर बेकार हो गये हैं । इस से बहुत बड़ी गडबड़ी देश में हो सकती है । उस नगर में इतना बड़ा कुम्भ मेला चल रहा है । इस से अशान्ति बढ़ेगी । मेरी मांग है कि सरकार इस पर चर्चा के लिये समय निकाले । मैं ससद-कार्य मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि वह इस के लिये समय दें ताकि हम यहां पर चर्चा कर सकें ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Unless you move the Speaker, I do not think we can do anything

श्री हुकमचंद कछवाय : मैं ने नोटिस दिया है । उस का कोई जवाब नहीं मिला है । आप खुद बतलायें, हम इस मामले को कैसे उठायें और जो लोग बेकार हो रहे हैं उन का क्या होगा ? एक ओर सरकार कहती है कि वह बेकारी दूर करना चाहती है और दूसरी ओर सरकार द्वारा ही लोगों को बेकार किया जा रहा है । ऐसी परिस्थिति में हम क्या करें?

श्री गंगा रेड्डी (आदिलाबाद) : मैं पोचम पहाड़ योजना के बारे में कह रहा था कि यह एक वाहिद प्राजैक्ट है तेलंगाना में और इस के साथ हमारी सभी उम्मीदें वाबस्ता हैं । 1962 में इस योजना का श्री जवाहरलाल नेहरू ने उद्घाटन किया था । आठ साल हो चुके हैं । अब तक सिर्फ दस करोड़ रुपया ही इस पर खर्च हुआ है । मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अगर यही रफ्तार रही तो अगले दस साल में भी यह योजना पूरी नहीं होने वाली है । इसमें 66 टी एम सी पानी का एलाटमेंट दिया गया है हालांकि इस की जरूरत 190 टी एम सी पानी की है । इस वक्त सिर्फ 5.7 लाख एकड़ की ही इससे सिंचाई होती है हालांकि 21 लाख एकड़ में सिंचाई हो सकती है ।

जहां तक नार्थ कैनाल का सम्बन्ध है इसका कैंसपशन आज नहीं बल्कि निजाम के जमाने में हुआ था । इस पर सिर्फ पांच करोड़ खर्च होना है और दस हजार एकड़ की सिंचाई हो सकती है । इससे आदिलाबाद को फायदा होने वाला है जहां 36 गांव सबमर्ज होंगे ।

[श्री गंगा रेड्डी]

इसके साथ साथ गोदावरी कैनाल के पानी के इस्तेमाल की भी बात है। इसके इस्तेमाल से जी एन सी पी कडम को लाभ हो सकता है। इसके बिना जी एन सी पी कड़म का कोई फायदा नहीं है। इसके तहत 65,000 एकड़ भूमि में सिंचाई होनी चाहिये। लेकिन चूंकि कड़म नदी में इतना पानी नहीं रहता है कि उतने रकबे की सिंचाई की जा सके, इसलिए इस वक्त 22 हजार एकड़ में सिंचाई हो रही है जबकि नार्थ कैनाल, जी एन सी पी प्राजैक्ट पर आठ करोड़ रुपया खर्च हो चुका है। अगर इसको नहीं किया गया, अगर इसको पानी नहीं दिया गया तो यह जो आठ करोड़ रुपया खर्च किया गया है यह भी वेस्ट जाएगा। लिहाजा मेरी विनती है कि नार्थ कैनाल को भी हाथ में लिया जाए।

जहां तक नार्थ कैनाल का सम्बन्ध है इस वक्त तो वहां 36 गांव सबमर्ज हो रहे हैं लेकिन आगे चल कर 75 हो जायेंगे। ये आदिलाबाद जिले के गांव हैं। इस वक्त आदिलाबाद जिले की ज़मीन में से एक इंच ज़मीन को भी पानी नहीं दिया जा रहा है इस प्राजैक्ट से। मैं चाहता हूं कि आपका जो इखलाकी फर्ज है इसके बारे में उसको आप पहचानें।

जहां तक नागार्जुन सागर का सम्बन्ध है यह भी तेलंगाना एरिया के लिए है। इससे साढ़े 6 लाख एकड़ ज़मीन की सिंचाई होनी थी लेकिन अब उसमें कुछ तबदीली कर दी गई है और अब सिर्फ पांच लाख एकड़ के लिए ही पानी मिल सकता है। मैं रिक्वेस्ट करूंगा कि बाकी रकबे के लिए भी लिफ्ट इरिगेशन का इंतज़ाम आप करें।

स्वर्णा प्राजैक्ट मेरे जिले में हैं, मेरी कंस्टिट्युएंसी में है। यह एक बहुत ही बदनसीब प्राजैक्ट है। इसको शुरू हुए तकरीबन बारह साल का अर्सा हो चुका है। एक छोटी या मीडियम यह प्राजैक्ट है और इस पर एक करोड़ पचह लाख खर्च होना था। इससे बारह हजार एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकती है। लेकिन इन पिछले बारह सालों में सिर्फ पचास लाख रुपया ही इस पर खर्च हो सका है। लेकिन अब यह समस्या पैदा हुई है कि महाराष्ट्र सरकार ने इस प्राजैक्ट के बनाने पर कुछ एतराज़ात किए हैं। आप असली हालात को देखें। असली हालात को मद्देनजर रखा जाए तो उनके ये एतराज़ात बिल्कुल बेमानी मालूम आपको देंगे। उनका सिर्फ 450 एकड़ रकबा सबमर्ज होता है। इस 450 एकड़ में से 160 एकड़ रिवर बैड है, 70 एकड़ वैट लैंड है और 220 एकड़ ड्राई और अनकल्टीवेबल लैंड है। मैं मंत्री महोदय से दरख्वास्त करूंगा कि इस प्राजैक्ट को पूरा करने के लिए फौरी कदम उठाये जायें और इसको जल्दी खत्म किया जाए। अगर महाराष्ट्र सरकार की बात को मान लिया गया और बांध के साइज़ को छोटा किया गया तो वह एक छोटा सा कुंड बन जाएगा और उसका कोई फायदा नहीं होगा। इस योजना के साथ आदिलाबाद जिले की खुशहाली वाबस्ता है।

निज़ाम सागर योजना के बारे में दो साल से मैं बराबर कहता आ रहा हूं। यह निजाम के ज़माने की योजना है और इसको अली नवाज़ जंग ने बनाया था। इसकी 25.5 टी एम सी स्टोरेज की कैपेसेटी थी। इससे 2.75 लाख एकड़ भूमि की सिंचाई हो सकती थी। अब इसको घटा कर 2 लाख 36 हज़ार कर दिया गया है। इन पिछले तीस सालों में 37 परसेंट उसकी जो कैपेसेटी थी वह कम हो गई है। इसकी वजह यह है कि रेत उस में भरती जा रही है। इस रेत को अगर निकाला नहीं गया तो यह बिल्कुल सिल्टिड हो जाएगी और यह प्राजैक्ट बिल्कुल बेकार हो जाएगी। अगर

यही रफ्तार सिल्टिग की रही तो यह पक्की बात है कि निज़ाम सागर का वजूद ही नहीं रहेगा।

डा० राव को दावत दी गई थी कि वह आ कर इसको देखें। वहां पर उन्होंने ताज्जुब का इज़हार किया था। वह वहां 25-12-66 को आए थे। उन्होंने कहा था कि 13 टी एम सी की गुंजाइश खत्म हो चुकी है और सिर्फ बारह टी एम सी की गुंजाइश रह गई है। लेकिन इन दो सालों में कुछ नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि इसके बारे में फौरी इकदामात किये जायें।

मैं ने कड़म प्राजेक्ट के बारे में कहा है कि नदी में गुंजाइश नहीं है। लिहाज़ा पोचमपहाड़ प्राजेक्ट और नार्थ कैनाल को फौरी तौर पर हाथ में लिया जाए।

रिजनल इम्बैलेंसिस और बैक्वर्ड एरियाज़ की बात भी यहां होती है। तेलंगाना में एजीटेशन चल रहा है। इसकी मेन वजह उस एरिया का बैक्वर्ड होना है। उस एरिया की बैक्वर्डनेस दूर है, इसके लिए मैं निवेदन करूंगा कि सतनाला प्राजेक्ट, सुघावाल प्राजेक्ट और दूसरी लिफ्ट इरिगेशन स्कीम्ज़ जो हैं और जिन का सर्वे हो चुका है उनको फौरी तौर पर हाथ में लिया ताकि उस एरिया का डिवेलेपमेंट हो सके।

अलग अलग स्टेट्स में जो वाटर डिस्प्यूट्स हैं उनकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। मुअज़्ज़िज़ मैम्बर आए दिन इसकी चर्चा करते है। पिछले साल जब मैंने उनके भाषणों को सुना तो मुझे बड़ी तकलीफ हुई थी। मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट के जो डिसिशन होते हैं उनके लिए किसी एक मंत्री को जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता है। मैं उन से दरख्वास्त करूंगा कि जब कभी वे कोई बात कहें तो उनकी स्पोर्ट में फैक्ट्स एंड फिगर्ज़ जरूर दें। कृष्णा वाटर डिसप्यूट जो चल रहा है उसके बारे में कुछ फैक्ट्स मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। इस पानी की तकसीम इस तरह से हुई है कि आंध्र को 800 टी एम सी, महाराष्ट्र को 400 टी एम सी और मैसूर को 600 टी एम सी। डा० राव जब से यहां आए हैं, इस पदवी पर आसीन हुए हैं उन्होंने इसको कैसे तकसीम किया है इसको भी आप देखें। महाराष्ट्र को 182 टी एम सी दिया है, मैसूर को 130 टी एम सी दिया है और आंध्र को सिर्फ चौदह टी एम सी दिया है। आप देखें कि किस के साथ उन्होंने अन्याय किया है? हमारे साथ ही अन्याय किया है। मैसूर और महाराष्ट्र वाले हमेशा उनको ब्लेम करते रहे हैं कि वह पार्शल हैं लेकिन अगर वह पार्शल हैं तो उनकी तरफ हैं, आंध्र की तरफ नहीं हैं। अगर दूसरे प्रदेश वाले आन्दोलन करके कुछ हासिल कर सकते हैं या डरा धमका सकते हैं तो आंध्र वाले भी आन्दोलन करना शुरू कर सकते हैं। लेकिन यह रवैया अख्तयार नहीं किया जाना चाहिये।

जब कहीं पर वाटर डिसप्यूट आपस में हल नहीं हो सकता है तो उसको ट्रिब्यूनल को रैफर किया जाता है। इस बारे में आए दिन चर्चा होती है और डा० राव को बदनाम करने की कोशिश की जाती है कि उन्होंने ला मिनिस्ट्री को सैक्शन चार आफ दी वाटर डिसप्यूट्स एक्ट के तहत रेफर किया है कि ये अलग अलग प्रदेश हैं ये अलग अलग फरीक हैं और अलग अलग ट्रिब्यूनल कायम होने चाहियें। मैं कहूंगा कि बजाय डा० साहब के हाथ मजबूत करने के उनको कमजोर किया जाता है। जिस तरह से इरिगेशन और पावर को हमारे देश में निगलैक्ट किया गया है, जिस तरह से इस के लिए फंड्ज़ कम रखे जाते हैं, उसके लिए लड़ने के बजाय डा० राव को क्रिटिसाइज़ किया जाता है। मैं चाहता हूं कि उनको जो कम दर्जा कैबिनेट में मिला हुआ है, उसके लिए लड़ा जाता और कहा जाता कि उनको कैबिनेट रैंक

[श्री गंगा रेड्डी]

दे कर इस मंत्रालय के महत्व को बढ़ाया जाए। उनकी पोस्ट को अपग्रेड करने के लिए हम को कहना चाहिये था। बजाय इसको कहने के उनके इस्तीफे की मांग की जाती है। यह बड़े ही अफसोस की बात है। डा० राव क्या कर सकते हैं? गवर्नमेंट का जब डिसिशन हो तो वह कुछ नहीं कर सकते हैं। मैं कहूंगा कि पहली बार हमारे देश में एक काबिल इंजीनियर इरिगेशन और पावर का मिनिस्टर बना है और यह एक गौरव की बात है। उनकी तारीफ की जानी चाहिये। उनको हटाने से समस्या हल नहीं होगी।

मैं यह भी चाहूंगा कि जो नदियां एक से ज्यादा स्टेट्स में से हो कर बहती हैं, उन नदियों पर जो प्राजेक्टस बनाये जायें, जो बंद बनाये जायें, वे कौमी बन्द बनाये जायें।

आप यह भी देखें कि फंड्ज की कमी की वजह से कई प्राजेक्ट्स रुकी पड़ी हैं अधूरी पड़ी हुई हैं। जैसे राजस्थान कैनाल है। हमारे यहां नागार्जुन सागर की योजना है, पोचम पहाड़ की योजना है। इसी तरह से और भी कई दूसरी प्राजेक्ट्स हैं। मैं चाहूंगा कि इनको बड़ी और नेशनल प्राजेक्ट्स माना जाए, इनको कौमी प्राजेक्ट्स मान कर इनको सैंटर अपने हाथ में ले कर जल्दी से जल्दी कम्प्लीट करे।

यह गांधी शताब्दी का साल है। आपने टारगेट फिक्स किया है कि एक लाख गांवों को आप बिजली देंगे, साढ़े बारह लाख पम्प्स को आप एनरजाइज करेंगे। ऐसा मालूम पड़ता है कि इस टारगेट को आप अचीव नहीं कर पायेंगे। पावर के बगैर मुल्क तरक्की नहीं कर सकता है। पावर के बारे में आप बिल्कुल कम्प्लेसेंट हैं। बहुत लापरवाही आप बरत रहे हैं। जो भी टारगेट आप इसके फिक्स करें उनको आप अचीव करें।

आंध्र का जहां तक सम्बन्ध है मैं कहूंगा कि हमारे यहां एवरेज पावर कंजम्शन पर कैपिटा 32 है जबकि आल इंडिया एवरेज 80 है। जो टारगेट आपने रखा है वह जब पूरा हो जाएगा तो हमारे यहां तो 65 होगा जबकि आल इंडिया एवरेज 140 हो जाएगा और मद्रास का 240 हो जाएगा। आंध्र में पावर की बहुत शार्टेज है। वहां सैंट्रली स्पांसर्ड कोई स्कीम नहीं है जैसे राजस्थान में राणा प्रताप सागर है, मद्रास में नैवेली और कलपाकम है, बम्बई में तारापुर है। मैं कहूंगा कि हमें सोमसिला एटमिक पावर प्राजेक्ट दी जाए।

तेलंगाना में कोयले के बहुत बड़े भंडार हैं। उस कोयले को पावर जैनरेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। मैं कहूंगा कि फौरी तौर पर कोत्तगुडम और रामगुंडम स्कीम्ज को हाथ में लिया जाए। यहां पर कोल बेस्ड जैनरेशन प्लांट्स स्थापित किये जायें।

मैं अन्त में यही कहना चाहता हूं कि जब मिनिस्टर साहब जवाब देना शुरू करें तो मेरे इन प्वाइंट्स का भी जवाब दें।

श्री बंश नारायण सिंह (मिर्जापुर) : सिंचाई और बिजली मंत्री जी ने जो मांगें पेश की हैं वे बिल्कुल सन्तोषजनक नहीं हैं। बीस बाईस सालों में इन्होंने जो सिंचाई का प्रबन्ध कांग्रेस राज्यों के अन्दर किया है, वह भी बिल्कुल सन्तोषजनक नहीं है। नहीं के बराबर है।

उपाध्यक्ष महोदय, अब तक जितनी सिंचाई की व्यवस्था इस देश में हुई, इस देश में जितनी भूमि में खेती होती है, उस के एक चौथाई भाग में सिंचाई की व्यवस्था हुई है। सिंचाई और बिजली की प्रगति इतनी धीमी चल रही है कि लगता है 50-60 वर्ष इस देश में पूरी सिंचाई व्यवस्था करने में लग जायेंगे। यह बड़ी लज्जा की बात है कि जिस देश में 70-75

फीसदी आदमी खेती का काम करता हो, उस को खाने को न मिले और दूसरे देशों से गल्ला मगाना पड़े। इस लिये मैं आपसे अपील करूंगा कि आप सारे देश में सिंचाई की व्यवस्था को शीघ्र से शीघ्र करने की कृपा करें।

भारत का किसान आज जिस कठिनाई से गुजर रहा है – यह किसी से छिपा नहीं है। भारत का किसान आज अन्न के बिना मर रहा है, वस्त्र के बिना मर रहा है, पैसे के बिना मर रहा है उस के लड़के मारे-मारे फिर रहे हैं, उन को नौकरी नहीं मिल रही है। उन के लड़के ग्रेजुएट हों, अन्डर-ग्रेजुएट हों, हाई स्कूल पास हों, पचास पचास रुपये की नौकरी ढूंढते फिर रहे हैं। अगर उन के खेतों को पानी मिल जाय, तो वे वापस अपने खेतों को लौट सकते हैं और इस तरह से सरकार की बेकारी की समस्या 25 फीसदी हल हो सकती है। लेकिन सरकार इस को करने के लिये तैयार नहीं है। किसान की आज जो दुर्दशा हो रही है, वह किसी नेता से छिपी नहीं है, यह सारी जिम्मेदारी उन बड़े बड़े नेताओं पर है, जिनके हाथ में पिछले 20 वर्षों से देश का शासन रहा है। जब तक भारत का किसान सुखी नहीं होगा, तब तक हिन्दुस्तान कभी समृद्धशाली नहीं हो सकता। किसान ही हिन्दुस्तान की एक ऐसी रीढ़ है, जो उस को अन्न दे सकता है, जो आपको सारे सामान दे सकता है, 75 फीसदी आदमी जो खेती करते हैं, उन का बल आपको मिल सकता है वे संगठन कर सकते हैं, देश को समृद्धशाली बना सकते हैं। इस लिये आपको किसानों की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिये।

जब तक इस देश में किसानों का आदर नहीं होगा तब तक यह देश ऊंचा नहीं उठ सकता। किसानों की पानी के बिना जो दुर्दशा हो रही है आप देहातों में जाकर देखिये। जिनके खेत पानी के बिना नहीं बोए गये हैं, उनके बच्चे भूखे मर रहे हैं, क्यों कि उनका जीवन केवल खेती पर आधारित है। इसलिये मैं सरकार से अपील करूंगा कि सारी शक्ति लगा कर सब से पहले सिंचाई और बिजली की व्यवस्था करे।

हिन्दुस्तान में जो प्रदेश पिछड़े हुए हैं, भारत सरकार को चाहिये कि काफी रुपया दे कर दूसरे विकसित प्रदेशों के मुकाबले में उन का विकास करे। आप उत्तर प्रदेश को लीजिये–जिस प्रदेश में इतनी नदियां बहती हैं – जहां गंगा बहती है, जमुना बहती है, घाघर और गोमती नदियां बहती हैं—उस प्रदेश की सिंचाई पूरी न हो, वहां के लोग अन्न न पैदा कर सकें, यह कितने शर्म की बात है, यह इस सरकार की कमजोरी है। सरकार को चाहिये था कि इन नदियों का पानी उठा कर सिंचाई की व्यवस्था करती, जिससे कम से कम उत्तर प्रदेश के किसान सुखी हो जाते और अपने खेतों की उपज खुद खाते और दूसरे प्रदेशों को भी देते। आज गंगा और जमुना का पानी बेकार जा रहा है, उस का सदुपयोग नहीं हो रहा है। इस समय उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि—ऐसे प्रदेश हैं जो बहुत पिछड़े हुए हैं, इन के विकास की ओर आपका ध्यान तेजी से जाना चाहिये और इन के लिये आपको काफी रुपया खर्च करना चाहिये।

आज उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों की जो दुर्दशा है, वह कही नहीं जा सकती है। मैं अभी बनारस गया था। बनारस की ज्ञानपुर तहसील में चार पैसे का एक बाल्टी पानी मिलता है, लोग वहां पर परेशान हैं, सब के सब कूएं सूख गये है। आप सोचें—जहां पर किसानों की खेती सूख गई हो, अन्न पैदा न हुआ हो, उनके पास कोई बिजनेस न हो, नौकरी न हो, आमदनी का कोई दूसरा जरिया न हो, वहां वे किसान अपने जीवन का निर्वाह कैसे कर सकते हैं। यह सारी जिम्मेदारी

[श्री वंश नारायणसिंह]

सरकार की है और उसे ही इसे देखना चाहिये। जिस वक्त वे बगावत करनी शुरू करेंगे, आन्दोलन करना शुरू करेंगे, तब केन्द्र उनको दबाने के लिये यहां से अपनी फौज भेजेगा। जो लोग आपकी मदद करना चाहते हैं, आप उन की मदद लेना नहीं चाहते, जितनी उपेक्षा, लापरवाही, अवहेलना हिन्दुस्तान में किसानों की की गई है, उतनी उपेक्षा दूसरे किसी वर्ग की नहीं की गई है। जब कि सरकार इस बात को जानती है कि किसान हिन्दुस्तान की रीढ़ है, हिन्दुस्तान के लिये गल्ला पैदा करने वाला किसान है, अपने खाने के लिये रख कर बाकी दूसरों को देने वाला किसान है, वह हमेशा शान्त रहने वाला है, वह किसी आन्दोलन या राजनीतिक चक्कर में जानेवाला नहीं है - ऐसे वर्ग की आप मदद नहीं कर रहे हैं। आपको चाहिये कि आप अपनी पूरी शक्ति से उसको मदद करें।

मिर्जापुर जिले में उपरोक्त एक दक्षिण-पहाड़ी स्थान है, जहां लगभग डेढ़ लाख आदमी बसते हैं। वहां पर किसी के पास पीने के लिये पानी नहीं है, न कूएं हैं, न नहरें हैं और न नदियों का पानी है। वहां के जिलाधीश महोदय ट्रकों के द्वारा वहां पर पानी पहुंचा रहे हैं। ऐसी हालत में वहां खेती कैसे हो सकती है, लोग वहां से छोड़-छोड़ कर बाहर भाग रहे हैं। मैंने वहां अपने एक दौरे में देखा कि एक स्त्री घास की जड़ को काट रही थी। मैंने उससे पूछा—इस जड़ को क्यों खोद रही हो। उसने जवाब दिया—इस जड़ को निकाल कर, धूप में सुखा कर, इसको पीस कर आटा बना कर रोटी बनायेंगे। इस तरह से वहां पर लोग रह रहे हैं। उस जिले के लिये आपकी सरकार कुछ नहीं कर रही है। वहां के लोग कैसे जीवित रह सकते हैं, उन के बाल-बच्चे कैसे जिन्दा रह सकते हैं—सरकार को इस पर पूर्ण रूप से ध्यान देना चाहिये।

वहां पर बेलन, सोन, अदवा नदियां हैं, अगर उन को बांध कर उन के बरसाती पानी को रोक दिया जाय तो सारा साल उन को पानी मिल सकता है, उन की खेती भी हो सकती है और पानी को पी भी सकते हैं, जानवरों को भी पिला सकते हैं—लेकिन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। 20 वर्ष कांग्रेस राज्य के बीत गये, अभी तक ऐसा कोई काम नहीं हुआ है कि किसानों की तरक्की हो सके। इस की जिम्मेदारी किसानों की नहीं है, इस की जिम्मेदारी इस सरकार की है। जिस क्षेत्र में चार वर्ष सूखे का जमाना बीता हो, उस क्षेत्र के लोगों की आज क्या हालत होगी, आप सहज में इस का अनुमान लगा सकते हैं। उन के घरों में वस्त्र नहीं है, उन के घरों में बर्तन नहीं हैं, सब बर्तनों को बेच-बेच कर खा गये, अपने घर-द्वार को छोड़-छोड़ कर भाग रहे हैं। इस का सारा पाप इस सरकार के सिर पड़ेगा। आज चारों तरफ जो अशान्ति फैली हुई है, इस का मूल कारण यह है कि सरकार की ओर से किसानों की मदद नहीं की जा रही है।

मिर्जापुर का एक हिस्सा कोन-ब्लाक है, उस क्षेत्र में दो हजार वर्षों से गंगा जिस रास्ते से बहती थी, वही रास्ता पिछली बाढ़ से फिर उसने अपनाया है। रास्ता बदलने से 50 बड़े-बड़े गांव गंगा के कटाव में आ गये हैं। उन को बचाने के लिये सरकार के पास कोई उपाय नहीं है। मैं ने सलाह दी थी कि वहां पर गंगा जी में एक ठोकर बना दी जाय, जिससे गंगा जी की धारा दूसरी तरफ मुड़ जाय और वे गांव बच जायं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। आपको उत्तर प्रदेश की सरकार में हमेशा झगड़ा रहा है कभी संविद की सरकार रही, कभी कांग्रेस की सरकार बनी किन्तु मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि किसी ने कोई काम नहीं किया। यह भ भय की बात है कि केन्द्रीय सरकार अभी तक मत-

खून है, इस में परिवर्तन का अभी कोई खतरा नहीं है, इस लिये आपको चाहिये कि सारे के सारे काम आप अपने हाथ में लें, चाहे प्रदेश का हो या केन्द्र का हो, सब काम अपने हाथ में लेकर करना चाहिये। उन गांवों को बचाने के लिये कम से कम 50 लाख रुपया लगा कर गंगा जी में ठोकर बनवा दीजिये, इस से वे गांव बच जायेंगे और—गंगा जी के पानी को निकाल कर उन किसानों को खेती के लिये दे दीजिये। पहाड़ी इलाकों में कुयें नहीं बन पाते हैं क्योंकि नीचे पत्थर होता है। पत्थर को तोड़ कर नीचे से पानी निकाला जा सकता है लेकिन किसानों के पास इतना रुपया नहीं होता कि वे पत्थर को तोड़कर कुयें से पानी निकाल सकें। यह कार्य तो सरकार ही कर सकती है। सरकार को चाहिए कि पत्थर तोड़कर कम से कम एक कुआं हर गांव में बनवा दे ताकि लोगों की पानी पीने की समस्या हल हो जाये। इस के अलावा सरकार खेती के लिए नदियों को बांध दे। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो तीन महीने के भीतर परेशानी में पड़ जायेगी। वहां के आदमी या तो प्यासे मर जायेंगे या फिर वहां से भाग जायेंगे।

सिंचाई मन्त्री से मुझे एक बात और कहनी है कि मिर्जापुर जिले में जाकर आप एक बार देख लें कि वहां के लोग किस तरह से जिन्दा हैं, क्या खाते हैं, कैसे रहते है और कब तक जिन्दा रह सकते हैं बिना खाने पीने के।

सिंचाई मन्त्री से मेरी अन्तिम अपील यह है कि वे जरा अपने इन्जीनियर्स को दुरुस्त करें, उनको चैतन्य बनायें और उन के काम को ठीक करें। जो भी प्लान बनाये जाते हैं उनमें इंजीनियर्स अपने मन की करते हैं। अगर उन से कहा जाय कि यहां पर पीने के लिए पानी नहीं है, किसान मर रहे हैं, यहां पर ट्यूब-वेल लगा दिया जाये लेकिन वे कभी भी वहां पर ट्यूब वेल लगाने के लिए तैयार नहीं होंगे। वे ट्यूबवेल वहीं पर लगायेंगे जहां पर कि और भी पंपिंग सेट्स और ट्यूब वेल्स लगे हुए हैं। वे पक्की सड़क के किनारे ही ट्यूब वेल लगायेंगे, इन्टीरियर में ट्यूब वेल लगाने के लिए कभी नहीं जायेंगे। वे लोग गरीब किसानों को कभी देख नहीं सकते हैं। वे नहीं चाहते कि गरीब लोगों को भी पानी पिलाया जाये ताकि उन की जिन्दगी बच सके। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि उन गरीब किसानों को भी आप राहत पहुंचायें।

एक चीज़ और है। जो पुरानी सिंचाई की व्यवस्था थी अब वह बर्बाद हो गई है जब से कांग्रेस का राज्य हुआ। पहले हरएक गांव में बड़े बड़े तालाब, बड़े बड़े बंधे और बड़ी बड़ी झीलें होती थीं। जब बरसात का पानी आता था तो किसान उनको भर लेता था और फिर साल भर उस पानी से खेती करता था, खुद भी पीता था और अपने जानवरों को भी पिलाता था। लेकिन जब से कांग्रेस का राज्य हुआ, वह सारी जमीनें ग्राम समाज को दे दी गई, सारे तालाब, बंधे और झीलें ग्राम समाज को दे दी गई। अब उनकी कोई भी देखभाल करने वाला नहीं हैं। बरसात का पानी उन तालाबों में रुकता नहीं है, सारा पानी बह जाता है जिससे कि सारी खेती सूखी रहती हैं।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ने 340 के अन्तर्गत नोटिस दी है। आप मेरे सुझाव को स्वीकार करें। आल इंडिया रेडियो के कर्मचारियों ने आज तनख्वाह नहीं ली है। यह बहुत गम्भीर प्रश्न है। जिन्होंने तनख्वाह लेने से इन्कार किया है वे बड़े कर्मचारी हैं, कलाकार हैं, म्यूजिशियन हैं। उसको आप स्वीकार कर लें।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Demands for Grants on Labour and Employment are coming. How is it possible? I know Rule 340. You want this debate to be adjourned. But this matter which

[Mr. Deputy-Speaker]

you want to raise can be raised on the Demands for Grants on Labour and Employment.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : उन्होंने आज तनख्वाह नहीं ली है । इसके लिए आप सूचना मन्त्री से कहिये । सरकार ने महगाई भत्ते को मूल वेतन के साथ जोड़ने का जो फैसला किया था उसको इस मन्त्रालय ने नहीं माना है । वह मन्त्रालय सरकार के उस फैसले को अस्वीकार कर रहा है । यही उन लोगों ने मांग की है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, no, I cannot permit it now. Please resume your seat. But the other Demands are to come. This is not proper. The Demands for Grants on the Ministry of Information and Broadcasting, the Ministry of Labour and Employment, are all coming.

SHRI BENI SHANKER SHARMA (Banka) : Sir, I support my friend Shri George Fernandes. This is a very important subject.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I am surprised, Mr. Sharma. Please resume your seat.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : जो लोग दिन रात मेहनत करके हमको खबरें सुनाते हैं, म्यूजिक चलाते हैं और आज से तो कामशियल ब्राडकास्टिंग भी शुरू की है, आज सुबह श्री सत्यनारायण सिंह की आवाज भी सुनवाई, उन लोगों ने ही आज तनख्वाह नहीं ली है।

MR. DEPUTY-SPEAKER : You are in the labour field for a long time and you are a very effective Member of Parliament; Is it proper at this stage to adjourn the debate ?

श्री जार्ज फरनेन्डीज : मैं कब उठा हूं, आप मुझे बताइये ? मैं कहां उठा हूं और कब उठा हूं, आप बताइये ।

एक मन्त्री महोदय यहां पर आये हैं उनसे आप कहिये कि वे सत्यनारायण सिंह से जाकर कहें । उन लोगों ने एक बहुत ही मामूली सी मांग की है ।

MR DEPUTY-SPEAKER : You should contact the Speaker at the proper time. No adjournment is possible now.

श्री मुद्रिका सिंह (औरंगाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत ऐसे कृषि प्रधान देश में विद्युत और सिंचाई विभाग का अपना खास महत्व है । जब इस विभाग को डा० के० एल० राव जैसे दक्ष इन्जीनियर के हाथ में सौंपा गया तो ऐसा मालूम हुआ कि सचमुच केन्द्रीय सरकार का ध्यान कृषि की ओर गया है । लेकिन जब आये दिन कैबिनेट में बहुत से हेर फेर होते रहे परन्तु न जाने क्यों केन्द्रीय सरकार ने यही उचित समझा कि इतना महत्वपूर्ण विभाग एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में ही रहना चाहिए जोकि इस देश की सिंचाई और विद्युत से सम्बन्धित बातों को कैबिनेट लेवल पर न कह सके, अपनी बात कैबिनेट में दूसरे मिनिस्टर्स को समझा न सके अर्थात एक स्टेट मिनिस्टर के हाथ में ही इस विभाग को रहना चाहिए । जब डा० राव जैसे दक्ष व्यक्ति कैबिनेट मिनिस्टर नहीं हो सकते लेकिन उन से कम महत्वपूर्ण विभाग के लोगों को पदोन्नत करके कैबिनेट मिनिस्टर बनाया गया है, तो ऐसा मालूम होता है कि केन्द्रीय सरकार का ध्यान कृषि की ओर, जिसका कि सम्बन्ध सिंचाई और विद्युत से है, उतना नहीं है जितना कि जाना चाहिए । यूं तो कहने के लिए हर रिपोर्ट में ऐसी बातें कही जाती हैं कि हम इस देश को, जहां तक खाद्य का सवाल है, आत्म-निर्भर बनाना चाहते हैं, कभी-कभी निश्चित अवधि भी निर्धारित करते हैं लेकिन वह हो नहीं पाता है । उसका कारण यह भी है कि जितना महत्व इस विभाग को देना चाहिए उतना महत्व केन्द्रीय सरकार की ओर से नहीं दिया जाता है । अनुदानों में भी उतना महत्व नहीं दिया जाता

हैं और एक पावरफुल मिनिस्टर कैबिनेट रैंक का हो जिसके हाथ में यह विभाग रहे, वह भी नहीं किया जा रहा है । मैं तो ऐसा मानता हूं कि यही एक मिनिस्ट्री है जो कि उस विषय को जानने वाले दक्ष व्यक्ति के चार्ज में है लेकिन फिर भी इस देश की आज यह हालत है । मैंने जैसा कहा इस विभाग के प्रति केन्द्रीय सरकार का एक विमाता जैसा व्यवहार है । अगर मैं बिहार राज्य को लूं तो मुझे माफ करेंगे अगर मैं यह कहूं कि केन्द्रीय सरकार ने बिहार राज्य के साथ वही व्यवहार किया है जैसा कि किसी विमाता से हो सकता है ।

मेरे राज्य को देखिये । यह नदियों का राज्य है । यहां पर धरती माता की कोख में अनावृत जल राशि है । जमीन भी यहां की काफी उपजाऊ है और धरती माता के कोख में अनेकानेक रत्न पड़े हैं । फिर भी अभी तक बिहार राज्य सारे हिन्दुस्तान के स्तर पर प्रति व्यक्ति आय में नीचे से चौथा स्थान रखता था लेकिन अभी जो प्लानिंग कमीशन के सब ग्रुप ने अध्ययन करके रिपोर्ट दी है, उसके अनुसार हम लोवर से टोप कर रहे हैं । एक ओर तो आप सारे देश के राज्यों को आगे बढ़ाना चाहते हैं और दूसरी ओर इस केन्द्रीय सरकार का यह मेरे साथ व्यवहार है कि हम जहां पर खड़े थे वहां से खिसक कर पीछे जा रहे हैं । क्यों ऐसा हो रहा है ? इसका मूल कारण यह है कि हमारे साथ जो व्यवहार होना चाहिए, उचित व्यवहार नहीं हो रहा है । इसका कारण यह है कि हम भले हैं, हम झगड़ा नहीं कर सकते, हम और राज्यों की तरह से हिन्दुस्तान से अलग होने की बात नहीं करते, और राज्यों की तरह बगावत की बात नहीं करते । हम इस देश की इन्टेगरिटी को कायम रखना चाहते हैं, इसके साथ रहना चाहते हैं । लेकिन अगर यही व्यवहार रहा तो अन्ततोगत्वा बाध्य होकर बिहार राज्य को भी वही करना पड़ेगा जैसा कि और राज्यों से आवाज आ रही है, हम सुन रहे हैं और देख रहे हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, सिंचाई का काम बिहार राज्य में बहुत थोड़ा हुआ है हालांकि बिहार राज्य नदियों का राज्य है । अगर एक सुनियोजित योजना बनाई जाए, तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं बिहार राज्य की एक इंच भूमि भी, कम से कम उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार में ऐसी नहीं रहेगी, जहां हम बारहमासी पानी न दे सकें । हम वहां पर चिरस्थायी सिंचाई का प्रबन्ध नहीं कर सके हैं । थोड़ा बहुत अगर किशन है तो कोसी और गंडक में काम चल रहा है । मैं सिंचाई मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि दक्षिण बिहार में आपने क्या किया है । सोन हाई लेविल की बात जो चली थी वह भी खटाई में पड़ रही है । बहुत खुशामद और मिन्नत के बाद आपने 70 लाख रुपये दिया है जहां 8 करोड़ का खर्चा है । यह इतनी अच्छी योजना है कि सोन हाई लेविल केनाल को सप्लाई बन सकता है । उसमें ही पानी लेकर हाई लेविल सोन केनाल को फीड करेंगे । उसके लिये भी मैं चिल्ला रहा हूं लेकिन किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही है । अभी तक हमारे के० एल० राव साहब के विभाग वालों ने उसके लिए पैसा नहीं दिया । इतनी महत्वपूर्ण योजना है जिससे कि उस क्षेत्र में काफी सिंचाई हो सकती है । हम अकाल के करार पर खड़े रहते हैं । अकाल में लोगों को जिन्दा रखने के लिए और उनको रोटी कपड़ा देने के लिए आप लाखों और करोड़ों रुपया हर वर्ष खर्च करते हैं लेकिन चिरस्थायी सिंचाई के प्रबन्ध करके लोगों को राहत देने का काम नहीं किया जाता है, उनको भिक्षुक बनने से नहीं बचाया जाता है, यह मेरी समझ में नहीं आता है । सरकार की कैसी समझदारी है कि वह इस तरह की नीति को अख्तियार करती है ।

[श्री मुद्रिका सिंह]

बिजली के मामले में आप देखें, उपाध्यक्ष महोदय, तो क्या है ? मेरे राज्य की पोजीशन क्या है। बिहार का कुल क्षेत्र 66,936 वर्ग मील है और उसमें ग्रामीण क्षेत्र 66,147 वर्ग मील है। मद्रास को आप देखें। मद्रास तो हमारे राज्य से बहुत छोटा है, लेकिन स्वराज्य होने के बाद से आज तक बिहार राज्य को जो अनुदान मिला है वह 17 करोड़ रुपये है जबकि मद्रास को 35 करोड 50 लाख है। दूसरे आप यह देखें कि जबकि मद्रास में करीब 14 हजार गांव हैं, बिहार में 67 हजार से ज्यादा गांव हैं। आबादी में कम, गांवों में कम, क्षेत्रफल में कम लेकिन बिहार में अगर आज 40 हजार पम्प चल रहे हैं तो मद्रास में 4 लाख बिजली के पम्प चल रहे हैं। और जो आपको मैंने यह 40 हजार बताए, तो यह भी विगत अकाल की स्थिति में लगे। जबकि लोग भूख से मरने लगे तो उस तरफ ध्यान गया और बड़े जोर शोर से बिजली के पम्प देने की व्यवस्था हुई।

इसके साथ ही साथ यह कहना चाहता हूँ कि ट्रान्समीशन लाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइनों के अभाव में, उनकी कमी की वजह से, जिन गरीब आदमियों ने बिजली के पम्प लगवाए हैं, उन्हे भी पूरा लोड नहीं मिलता और पम्प नहीं चल पा रहे हैं। एक तरफ तो मिनीमम गारन्टी है और दूसरी ओर ये सारी दिक्कते हैं। इस लिए बिहार में जो इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की मांग है, जितने पम्प लगाये गये हैं उनको समुचित बिजली पहुंचाने के लिए जितनी ट्रान्समीशन लाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइने चाहिए, उसके लिए तत्काल प्रबन्ध होना चाहिए और रुपया मिलना चाहिए। क्योंकि सरकार का ध्यान उस तरफ नहीं जा रहा है, इसलिए मैं एक बार फिर न्याय की भीख मांगना चाहता हूं मिस्टर राव से और केन्द्रीय सरकार और प्लानिंग कमीशन से आपके जरिये कहना चाहता हूँ कि जो राज्य पिछड़ा हुआ है बिजली के मामले में, सिंचाई के मामले में, जिसकी प्रति व्यक्ति आय गिरती जा रही है, इसके साथ आप न्याय करें। आबादी के आधार पर न्याय करें, पिछड़ेपन के आधार पर न्याय करें। हमें दूसरे राज्यों के मुकाबले में लान के लिए आपको ज्यादा अनुदान सिंचाई के मामले में भी और बिजली के मामले में भी देना पड़ेगा।

SHRI BHOGENDRA JHA (Jainagar): I beg to move :

"That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to construct Western Kosi Canal (40)].

"That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to Include hydro-electric scheme in the Western Kosi Canal Project. (41)].

"That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to implement Adhwara Project. (42)].

"That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to make Adhwara Project a flood control-cum-irrigation scheme. (43)].

"That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power reduced to Re. 1/-."

[Failure to issue supply orders to manufacture all necessary drilling rigs and boring pumps to Hatia factory for irrigation of entire cultivable land in the country. (44)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to instal floating pumping sets in all the rivers of North Bihar. (45)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to provide adequate funds for completion of Rajasthan Canal. (46)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to remove acute shortage of power and backwardness of North Bihar. (47)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to construct a barrage and dam over Kosi river to carry out a multi-purpose scheme near Barah Kshetra. (48)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to set up warning stations on mountains to forewarn floods in Gandak, Bagmati. Kamla and Kosi rivers. (49)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to conclude an agreement with Nepal Government to complete Western Kosi Canal. (50)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to take over Gandak Project by the Centre. (51)].

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna) : I beg to move :-

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure to introduce effective flood-control schemes. (55)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Failure of the Central Government to take over big irrigation projects of the country. (56)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1/-."

[Policy of giving special assistance to the backward States for irrigation purposes. (57)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced to Re. 1."

[Failure of rural electrification scheme. (58)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to imp'ement flood-control scheme effectively. (60)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to give timely intimation regarding floods. (61)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to check sea and river erosion (62)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Shri Ramavatar Shastri]

[Failure to give proper assistance to the flood affected States. (63)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to check erosion of rivers like Ganga. Punpun, Kosi and Gandak in Bihar. (64)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to check erosion in villages of Diara area under Maner, Danapur and other Police Stations in Patna, Bihar (65)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to rehabilitate people affected by erosion. (66)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Inordinate delay in acquiring and allotting land for the rehabilitation of the people affected by erosion. (67)].

"That the demand under the head Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to provide irrigation facilities by taming the rivers (68)]

" That the demand under the head Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs.100/-."

[Failure to provide irrigation facilities by taming Ganga river and to generate electricity. (69)].

" That the demand under the head Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to give adequate financial assistance for the completion of Gandak, Kosi, and Sone irrigation projects. (70)].

" That the demand under the head Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100."

[Carelessness of the Centres opened to give advance intimation and warning of the floods. (71)]

" That the demand under the head Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100."

[Failure to implement Barahia-Mokama Tal irrigation project in Bihar. (72)].

SHRI B. K. MODAK (Hoogly) : I beg to move :--

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Over reliance on foreign collaboration in the matter of implementing Multi-purpose River Schemes. (73)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/."

[Failure to increase irrigation potential in consonance with the growing food requirement of the people. (74)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to allot sufficient fund for construction of Mahananda flood protection projects in North Bengal. (75)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to restore and strengthen flood control works damaged by flood of 1968 in Midnapore District and North Bengal. (76)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100 /-"

[Failure to provide adequate provision for irrigation development in the Draft Fourth Plan. (77)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to properly utilise surface and underground water resources in the country. (78)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to take up Dubda Basin Drainage Scheme. (79)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100-/."

[Failure to take up Moyna Basin Drainage. (80)].

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100./-"

[Failure to take up Sunderbans reclamation Schemes as recommended by experts from Holland. (81)]

" That the demand under the head Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to include Tista Barrage Scheme in Fourth Plan. (82)].

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : I beg to move :-

"That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to resolve water disputes of the States (92)].

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100."

[Un-satisfactory work of Central Water and Power Commission. (93)].

"That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs.100."

[Need to reduced the charges of electrically propelled Tubewells in villages. (94)]

"That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to reduce the electric charges in Bihar. (95)]

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100./-"

[Failure to check the unauthorised consumption of electricity. (96)].

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100."

[Need to pay the loans asked for by the Bihar Electricity Board. (97)].

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-. "

[Need to levy uniform rates of electricity all over the country. (98)],

"That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/-."

[Failure to arrange regular sittings of the Electricity Consultancy Committee constituted at various levels in Bihar. (99)]

[Shri Ramavatar Shastri]

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irirgation and Power be reduced by Rs. 100."

[Failure to stop corruption, nepotism, communalism and favouritism prevalent in Electricity Board of the State (100)].

" That the demand under the head Other Revenue Expenditure of the Ministry of Irrigation and Power be reduced by Rs. 100/--."

[Failure to provide special financial assistance to backward States for the implementation of irrigation Schemes. (101)].

" That the demand under the head Capital Outlay on Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100."

[Failure to pay suitable compensation for the land acquired by the Damodar Valley Corporation. (102)]

" That the demand under the head Capital Outlay on Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100/--."

[Failure in accepting the six-point demands of Damodar Upatyaka Wastuhara Yuva Samiti, Kali Pahari located at Maithan in Dhanbad District. (103)].

" That the demand under the head Capital Outlay on Multi-purpose River Schemes be reduced by Rs. 100/-."

[Failure in rehabilitation of agriculturists who lost their land as a result of construction of Farakka Dam Project. (104)]

एक बात और है। फरक्का प्रोजेक्ट का ओरिजनल एस्टीमेट 70 करोड़ का था लेकिन उसका रिवाइज्ड एस्टीमेट 160 करोड़ का हो गया । इसकी वजह क्या है ? इसकी वजह है नौकरशाही की लापरवाही। इनीशल स्टेज पर कम कास्ट दिखाकर वे लोग प्रोजेक्ट्स को पास करा लेते हैं और फिर बाद में उनकी कास्ट बढ़ जाती है। जब उसका ओरिजनल एस्टीमेट 70 करोड़ का था और बाद में वह 160 करोड़ का हो गया तो उसका मतलब है कि उसमें लूपहोल है। फरक्का प्रोजेक्ट से इस देश को लाभ होगा लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि मिनिस्ट्री आफ पावर ऐन्ड इरीगेशन ने उसको ओरिजनल कास्ट पर बनाकर क्यों नहीं तैयार किया ? उसकी क्या वजह है ? उसका कारण है अधिकारियों की लापरवाही। इस मिनिस्ट्री में दो विंग है, एक तो वाटर विंग है दूसरा पावर विंग है। दोनों विंगज में एक हजार इंजीनियर्स हैं । वे एयर कन्डीशन्ड बिल्डिंग्ज में बैठकर हिन्दुस्तान का जो नक्शा तैयार करते हैं वह गलत होता है। लिहाजा मैं चाहूंगा कि मन्त्री महोदय इस बात को नोट कर लें कि इस मिनिस्ट्री के दोनों पावर और वाटर विंग्ज की वर्किंग को एनालाइज किया जाये और देखा जाये कि कितना वर्क है, सीजनल वर्क है या फुल टाइम वर्क है। उनको फुल टाइम वर्क प्रोवाइड किया जाये तथा उनकी पूरी यूटिलिटी का इस्तेमाल किया जाये।

इसके अलावा सिड्यूल्ड कास्ट की एक बात और मैं कहना चाहता हूं क्योंकि मैं सिड्यूल्ड कास्ट से ताल्लुक रखता हूं। लिफ्ट वाटर इरीगेशन बोर्ड में जो नान-मिनिस्ट्रियल स्टाफ और जो टेक्निकल स्टाफ है, उसमें क्लास 3 और गजेटेड पोस्ट्स के अन्दर, सिड्यूल्ड कास्ट की किसी भी केटेगरी को आप लें, सिड्यूल्ड कास्ट का कोटा पूरा नहीं हुआ है। इसकी क्या वजह है । वहां के आफीसर्स सिड्यूल्ड कास्ट के लोगों को गले नहीं लगाना चाहते। मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि आन्ध्र की मिसाल को याद रखें। आन्ध्र के अन्दर जो जुल्म होता है तो क्या यहां पर उस जुल्म को बर्दाश्त करेंगें ? क्यों नहीं सिड्यूल्ड कास्ट की क्लास 3, क्लास 4 और गजेटेड पोस्टों में उनका कोटा पूरा करने की कोशिश की जाती है। जहां तक डिपार्टमेंटल प्रोमोशन्स और टेक्निकल पोस्टों की बात है, सिड्यूल्ड कास्ट के क्लास 3 का प्रोमोशन का कोटा आप उठाकर देखेंगें तो निल के बराबर मिलेगा। इसकी वजह क्या हैं ? यहां के ब्यूरियोक्रेटिक आफीसर्स हैं जोकि तासुबी हैं। वे यह नहीं चाहते कि इस देश का निर्माण हो, वे नहीं चाहते कि सामाजिक उन्नति हो । तो मैं मिनिस्टर साहब से यह कहना चाहता हूं कि जहां तक देश के किसानों का सवाल है, उनको आप पानी दीजिए।

मैं बाढ़ की बात कहता हूं। इन्होंने सन् 1954 में फ्लड कन्ट्रोल एक्ट पास किया।

उसके अन्तर्गत हर स्टेट के अन्दर फ्लड कन्ट्रोल बोर्ड सेट अप किये गये ताकि ये फ्लड को कन्ट्रोल करें । इन्होंने फ्लड कन्ट्रोल किया । लेकिन अगर वास्तव में ये देखेंगें तो जितने इन्होंने फीगर्स दिये हैं कि इतने विलेजेज को प्रोटेक्ट किया गया, तो क्या मिनिस्टर साहब बता सकते है कि जिस एरिया को प्रोटेक्ट किया गया, उसमें क्या फिर बाढ़ नहीं आई । बाढ़ आई है । डिफेक्ट यह है कि यहां के जो दरिया हैं यहां के जो रीवर्स हैं, इनके बेड्स में जो सिल्ट आती है उसको जब तक यह नहीं रोकेंगें, तब तक इस देश के फ्लड्स को नहीं रोक सकते हैं । इसके लिए अगर आप उसके ऊपर केचमेंट एरियाज के अन्दर सिल्ट को प्रिवेन्ट करने के लिए स्टेप लेंगें तो आप फ्लड्स को रोक सकते हैं । जहां तक फ्लड्स की बात है, मिनिस्टर साहब टेक्निकल आदमी हैं, वे जानते होगे कि कोई भी फ्लड इन्डिया के अन्दर ऐसा नहीं था जोकि सात दिन से ज्यादा रहा हो । तो क्या मिनिस्टर साहब कोई स्कीम नहीं बना सकते हैं जिससे कि उस पानी को डिटेन करके यूटिलाइज किया जा सके ।

अब जहां तक बिजली की बात है, इन्होंने एक ग्रिड सिस्टम स्टार्ट कर दिया । उससे एक स्टेट की बिजली दूसरी स्टेट के दे सकते हैं । ग्रिड सिस्टम का उन्होंने एक प्लान बनाया लेकिन जो रीवर ग्रिड सिस्टम है या वाटर रिसोसेज सिस्टम के लिए क्या करने जा रहे हैं । जिस समय बाढ़ आती है, उस पानी को क्यों नहीं डाइवर्ट करते हैं ताकि जहां पर शार्टेज आफ वाटर है, वहां पर उनको यूटीलाइज किया जा सके । क्यों नहीं अन्डर ग्राउन्ड चेनल्स आप बनाते ताकि जो फ्लड आए उसको प्रिजर्व किया जा सके और समय पर यूटीलाइज किया जा सके ।

आपके रीवर्स की जहां तक बात है, इनके बेड्स डिफेक्टिव हैं । यहां पर चीफ इन्जीनियर साहब बैठे हुए हैं । अर्थ डेम आपके बिल्कुल बेकार हो चुके हैं । आप किसी अर्थ डेम को ले लीजिए । आफटर फिफटी इयर्स वह बिल्कुल डिफेक्टिव हो जाएगा और वह फ्लड्स नहीं रोक पाएगा क्योंकि उसके बेड पर सिल्ट हो जाएगी । तो क्या आप इस तरह का प्रोवीजन कर रहे हैं कि अर्थ डेम की बजाए कोई दूसरी चीज हो जिससे ये फ्लड्स रोके जा सकें ।

इसके बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक इलेक्ट्रिसिटी की बात है, मैं अपने जिले की दो एक बातें कह दूं । हमारे जिले का हर किसान चाहता है कि उसे बिजली मिले जिससे वह तीन गुना, चार गुना, पांच गुना और दस गुना गल्ला पैदा कर सकें, लेकिन यह सरकार 22 साल के बाद और तीन पचवर्षीय योजनाएँ बनाने के बाद भी नाकाबिल रही है कि हर किसान को बिजली दे सके और हर किसान को पानी दे सके ।

श्री रणधीर सिंह : आप मिनिस्टर साहब को अपने जिले का नाम बता दें ?

श्री राम चरण : मेरा जिला बुलन्दशहर है जहां का हर किसान चाहता है कि उसको पानी समय पर मिल जाए, नहरे पानी दें । आपके जो सरकारी ट्यूबवेल्स हैं वे फेल हो चुके हैं । जिन लोगों ने प्राइवेट ट्यूबवेल्स लगा रखे हैं उनको भी बिजली नहीं मिलती है । और जो कुछ मिलती है वह रिश्वत के सहारे मिलती है ।

श्री रणधीर सिंह : जरूर मिलनी चाहिए ।

श्री राम चरण : अगर आप देश के किसान का भला चाहते हैं तो मिनिस्टर साहब को चाहिए कि वे किसानों को पानी दें ।

रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन की एक बात और मैं कहना चाहता हूं । इन्होंने कहा है कि देहातों में बिजली पहुंचा रहे हैं । मैं आपको बताऊं कि जिन गांवों के अन्दर इन्होंने बिजली पहुंचाई

[श्री राम चरण]

है, वहां पर सिड्यूल्ड कास्ट के एरिया के अन्दर बिजली का एक खम्बा भी नहीं मिलेगा। 80 फीसदी गांवों के अन्दर यह जो बिजली है यह सिड्यूल्ड कास्ट के लोगों के हक में नहीं है।

जहां तक ड्रिंकिंग वाटर, पीने के पानी की बात है, 80 फीसदी देश के गांव ऐसे हैं जहां पीने के पानी के साधन नहीं हैं। मेरा ऐसा ख्याल है कि इन्होंने अब एक स्कीम बनाई है। (समय की घंटी) मैं एक मिनट लूंगा। जो यह रूरल वाटर सप्लाई स्कीम बनाई है, तो क्या मिनिस्टर साहब बताएंगे कि जिस जगह पर पीने का पानी नहीं है, तो क्या चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्दर हर गांव में पीने के पानी का इन्तजाम करेंगे।

इसके अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक पाकिस्तान और इन्डिया का सवाल है, यह इस तरह से लिंगर आन होने की जो बात है, यह डिस्प्यूट कब तक पाकिस्तान के साथ चलता रहेगा। यह क्या खिलवाड़ है। आपको चाहिए कि पर्मानेन्ट बेसिस पर आप इसको समाप्त कर दें और तय कर लें कि इतने परसेन्ट वाटर हम लेंगे और इतने परसेन्ट वे लेंगे, इतने क्यूसेक्स वाटर हम लेंगें और इतने क्यूसेक्स वे यूटीलाइज करेंगें और वह जो फैसला हो, उसका इम्पलीमेंटेशन हो जाए। और इन्टरनेशनल बेसिस पर उसका एग्रीमेंट हो जाए। आपने जो फरक्का प्रोजेक्ट बना दी तो पाकिस्तान की जबान ललचाने लगे। उसको पता है कि फरक्का बांध के बन जाने से इस देश का, भारत का कितना डेवलपमेंट होगा। तो क्या मन्त्री जी इन्टरनेशनल वाटर डिस्प्यूट के अन्दर इस तरह का प्रोवीजन करेंगे जिससे हमेशा के लिए यह सवाल हल हो जाए और इन्टरनेशनल कोर्ट के जरिये से हो।

अन्त में मैं मन्त्री जी से कहूंगा कि हमारे यहां यू० पी० के अन्दर और खास तौर से पूर्वी इलाकों के अन्दर और बिहार के अन्दर उन एरियाज के किसानों को, जिनको स्केयरसिटी एरिया कहते हैं या जिसको फेमिन एरिया कहते हैं, वहां पर बाढ़ भी आ जाती है और छः महीने के बाद भुखमरी भी हो जाती है, पानी देने की व्यवस्था करें।

श्री यशवंतसिंह कुशवाह (भिंड) : माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अवसर दिया है। मैं आपके माध्यम से सिंचाई विभाग की जो मांगें पेश हुई हैं, उनका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। कई वक्ता महानुभावों ने सिंचाई और बिजली मंत्री महोदय की इस आधार पर तारीफ की है कि वे तकनीकी व्यक्ति हैं। मैं भी उनकी तारीफ करता हूं कि उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त है कि वे इन्जीनियर हैं। लेकिन इन्जीनियर होने के नाते उनसे विभाग के कामों में अधिक क्षमता लाने की लोग आशा कर रहे हैं, लेकिन स्थिति ठीक इसके विपरीत है। मैं उदाहरण के रूप में, उनके ही द्वारा दिये गये आंकों के आधार पर बताऊंगा कि सिंचाई विभाग की जो मौजूदा सिंचाई क्षमता है, मौजूदा स्थिति में उस क्षमता में केवल 50 फीसदी में सिंचाई हो पाती है अर्थात क्षमता क्षेत्र का 50 या 55 फीसदी ही केवल सिंचाई क्षेत्र हैं अर्थात वे उनकी क्षमता के आधार पर क्षमता से आधा ही काम करवा पाए हैं। उनके विभाग में लोग लापरवा हैं, इसका उदाहरण मैं देना चाहता हूं। जो मशीनरी नदी योजना के कामों के लिए खरीदी गई उसके बारे में उन्होंने अपने दिये हुए आंकड़ों में यह स्वीकार किया है कि 173 लाख रुपये की मशीनरी नष्ट हो जाएगी। केवल 30 लाख रुपये की मशीनरी जो टूटी फूटी हालत में है, ऐसी बची है जिसका उपयोग दूसरी योजना में किया जा सकता है।

लापरवाही के साथ साथ इनका डिपार्टमेंट घोर मौज करता है। इस मौज का उदाहरण यह है कि वह बहाने खोजा करता है कि किस तरह से हम विदेशों की यात्रा कर सकें। एक बहाना खोजा, रूस की यात्रा करने का, इनके डिपार्टमेंट के बड़े बड़े अधिकारियों ने कि वहां जाकर तैराकी सीखेंगे। एक बहाना खोजा गया पैरिस की यात्रा का कि खुली नाली में पानी किस तरह जाता है, सफाई कैसे रखी जा सकती है इन बातों को देखें। इसी तरह से और बहानों से अनेक प्रतिनिधि मंडल विदेशों में भेजे जाते हैं और इस तरह से पैसे का दुरुपयोग होता रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर मंत्री जी तकनीकी तज्ञ व्यक्ति हैं तो उनके डिपार्टमेंट की क्षमता बढ़नी चाहिए जो मौजूदा सिंचाई साधन हैं उनसे सिंचाई का एरिया बढ़ना चाहिए, उनके विभाग की जो सम्पदा है, जो मशीनरी है, उसकी देखभाल ठीक रूप से, अच्छे ढंग से होना चाहिए और पैसे का दुरुपयोग उनके मातहत उनको आंखों में धूल डालकर न कर सकें, इसलिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

एक और बात उनकी लापरवाही की मैं बताना चाहता हूं और वह यह है कि, सभापति महोदय आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि हमारे देश में विदेशी शासन के वक्त का 1910 का बिजली अधिनियम अभी तक चालू है और मिनिस्टर साहब को यह फुरसत नहीं मिली कि उस अधिनियम को आज की परिस्थिति में बना कर पेश कर सकते। जो बिजली उपयोग के लिए जो कानून है वह भी 1948 का है। उसके लिए भी यह जरूरी है कि आज की स्थिति के अनुसार उसमें संशोधन किया जाता, आज की स्थिति के अनुसार कानून लाया जाता। लेकिन उसके लिए भी मंत्री महोदय को जरा सी भी फिक्र नहीं हो रही है।

मैं इस बात की तारीफ जरूर करना चाहता हूं कि स्वराज्य होने के बाद से हमारे देश में सिंचाई का ऐरिया बढ़ा है। जहां 1951 में 56 मिलियन एकड़ भूमि क्षेत्र सिंचित होती थी अब 1968 में सिंचित क्षेत्र बढ़ कर 67 मिलियन एकड़ हो गया है लेकिन केवल इतने से ही हमें संतोष मान कर बैठ नहीं जाना चाहिए। क्योंकि भगवान की देन के रूप में हमें जो पानी मिलता है उस पानी का केवल 37 फ़ीसदी ही हम उपयोग करवा रहे हैं। दो तिहाई पानी हमारा बह कर समुद्र में जा रहा है लेकिन उस पानी को रोकने की और हमारी ज़मीन को हरा, भरा करने की तरफ कोई ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रथम पंचवर्षीय योजना से लेकर अब तक जो भी पंचवर्षीय योजनाएं बनी उन में बड़ी नदी योजनाएं 534 अपनाई गई। उन 534 में से सिर्फ 318 योजनाएं अभी तक पूरी हुई हैं और लगभग आधी योजनाएं अधूरी पड़ी हुई हैं। उन योजनाओं के पूरा होने की जो एक अवधि नियत होती है कि अमुक योजना इतने काल में पूरी हो जायेगी वह समय बराबर द्रोपदी के चीर की तरह से बढ़ता जाता है साथ ही खर्चा भी बढता जाता है और उसे कंट्रोल करने की कोशिश नहीं होती है। दुर्भाग्य का विषय यह है कि हमारा प्रदेश अर्थात् मध्यप्रदेश क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सब से बड़ा प्रान्त है लेकिन जो 534 योजनाएं सारे देश में अपनाई गई उस में से मध्यप्रदेश के हिस्से में केवल 4 योजनाएं दी गई हैं और उन चार में से एक भी अभी तक पूरी नहीं हुई है।

मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारा ध्यान सिंचाई योजनाओं में से छोटी सिंचाई योजनाओं की तरफ जाना चाहिए जिससे हम थोड़े पैसे में अधिक लोगों को फायदा पहुंचा सकें। हमारे मध्यप्रदेश में खेती के लिए ज़मीन बहुत अधिक उपलब्ध है लेकिन सिंचाई के साधन न होने से उत्पादन नहीं बढ़ता है। अगर उस प्रान्त को सिंचाई के साधन देने के मामले में प्राथमिकता दी जाय तो मैं दावे के

[श्री यशवन्तसिंह कुशवाह]

साथ यह अर्ज कर सकता हूं कि मध्यप्रदेश इतना अनाज पैदा कर सकता है जिससे कि सारे देश को अन्न का भंडार मिल सके। और जाहिर है कि फिर विदेशों से अन्न मंगाने की आवश्यकत नहीं रह जायेगी।

लघु सिंचाई योजनाओं के लिए ट्यूबवैल्स की बात कही गई है लेकिन ट्यूबवैल्स की बात जहां कही जाती है वहां यह भी तो सोचना चाहिए कि हमारे वह ट्यूवैल्स जोकि हम योजनाओं में आंकड़ों के रूप में रख तो लेते है लेकिन वह तैयार नहीं किये जा सकते क्योंकि हमारे देश में रिग जोकि ट्यूबवैल्स के लिए आवश्यक है उन को बनाने या प्राप्त करने के लिए सुविधा नहीं दी जा रही है। हमारे प्रान्त में कोई 7000 ट्यूबवैल्स लगेंगे। यह बात भी उस में कही गयी है कि केन्द्रीय शासन, के सिंचाई ऐक्सपर्ट्स की राय है कि वह 7000 ट्यूबवैल्स जोकि मध्यप्रदेश में मिलेगे उस में से भिंड जिले को सबसे पहले मिलने चाहिए क्योंकि वहां इस की सफलता की सम्भावनाएं सब से अधिक है। लेकिन खेद का विषय है कि भिंड जिले मे 7000 में से एक भी ट्यूबवैल का काम अभी तक प्रारम्भ भी नहीं हुआ है। किसी ऐसे अधिकारी के दर्शन तक नहीं हुए हैं। यह सूची तक नहीं बनी है कि किस किस गांव में वह ट्यूबवैल्स लगेंगे ? इस तरह से केवल मात्र योजनाएं बनाने से काम नहीं होता है बल्कि उस में देखना चाहिए कि क्या क्या सहूलियतें आवश्यक होंगी। ये बातें मैं आप के माध्यम से मन्त्रीजी से निवेदन करना चाहता हूं।

एक बात जोकि मैं बड़ी योजनाओं के सिलसिले में कहना चाहता हूं वह यह है कि मंत्री जी बड़े सक्षम हैं पर अगर सचमुच में वे हल्की बातों से ऊपर उठ कर काम करने की कोशिश करें तो बहुत बड़ा काम हो सकता है।

एक उदाहरण हमारे यहां की नर्मदा नदी की योजना है। लम्बे समय से इस योजना के लिए कई प्रोजैक्ट मंजूर हुए हैं लेकिन न तो उस के लिए पैसा मिलता है और न ही उन को काम प्रारम्भ करने दिया जाता है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश का समझौता होने के बाद भी जल सिंधी योजना का काम शुरू नहीं करने दिया गया। कुछ बातें ऐसी हैं जिन्हें कि मंत्री जी को ऊपर उठ कर तय करना चाहिए। नीचे की ओर बहने वाले पानी के बटवारे के विषय में यह जो उनकी अपनी आवश्यकता है, उन के प्रान्त की जरूरत हो सकती है, उनके क्षेत्र की हो सकती है परन्तु उस के लिए दूसरे प्रान्तों के साथ अन्याय न हो यह देखना भी उन का फर्ज है।

माननीय मंत्री जी के विभाग में एक काम भू संरक्षण का भी आता है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि 13 नदी घाटी योजनाएं तीसरी पंचवर्षीय योजना तक थीं और 14 नदी घाटी योजनाएं और नई लेने की है। अब तक कोई 9 करोड़ रुपया उस पर खर्च हो चुका है लेकिन उस का फायदा कहीं भी दिखाई नहीं देता है। मैं एक ऐसे एरिया, एक ऐसे क्षेत्र के बारे में अर्ज करना चाहता हूं जोकि एक समस्या प्रधान क्षेत्र है, चम्बल नदी क्षेत्र जोकि भिंड, मुरैना जिले में है वहां ज़मीन कटती जा रही है, ज़मीन बराबर ढह कर पानी के साथ बह कर जा रही है और कम होती जा रही है। वहां डाकू लोग शरण पाते हैं, गहरे गहरे गडढे हो गये हैं उस का संरक्षण करने की आवश्यकता थी। केन्द्रीय सरकार द्वारा पाएलट योजना बना कर परीक्षण भी किया गया। लेकिन उसके बाद वह पैसा खत्म हो गया और वहां अब कोई काम नहीं हो रहा है। उस क्षेत्र को प्राथमिकता इसलिए दी जानी चाहिए ताकि यह डाकू समस्या का निदान हो जाय। वहां किसानों के पास जो एक जमीन है दूसरे क्षेत्रों की अपेक्षा यह औसतन बहुत कम

है। जनसंख्या वहां सब से ज्यादा है। जबकि दूसरे प्रान्तों और दूसरे हिस्सों की अपेक्षा गरीबी बेहद बढ़ी हुई है। अगर इन नदी योजनाओं में भू संरक्षण का जो काम होना है उस में भिंड, मुरैना जिले के चम्बल वाले एरिया को प्राथमिकता दी जायेगी तो मंत्री जी उस क्षेत्र की बड़ी सेवा कर सकेंगे और डाकू समस्या के रूप में वहां जो एक आतंक फैला हुआ है उस आतंक को भी समाप्त करवाने में सहायक बन सकेंगे।

मैं यह स्वीकार करता हूं कि हमारे देश में बिजली का उत्पादन बढ़ा है लेकिन उस के बाद भी इस बात को स्वीकार करने में मंत्री जी को इंकार नहीं होगा कि दूसरे जो प्रगतिशील देश हैं उन की तुलना में आज भी भारत के प्रति व्यक्ति का जो विद्युत का खर्चा है वह अत्यन्त नीचे का आंकड़ा है और उस आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि हमारा देश बहुत पिछड़ा हुआ है और मंत्री जी को बहुत काम करने की जरूरत है तभी वह सिद्ध कर सकते हैं कि वह एक सक्षम प्रशासक भी हैं।

बिजली गांवों को भी दी जाये इस के लिए प्रचार तो बहुत होता है। हम गांवों को भी बिजली दे रहे हैं इस के लिए बड़ी बड़ी बातें कही जाती हैं लेकिन दे किस तरह से रहे है? भारत जोकि 7 लाख ग्रामों का देश है उस में अभी 20 साल के भीतर 57000 या 60,000 यह दो तरह के आंकड़े हैं अब सच्चे आंकड़े कौन से हैं यह वह जानें लेकिन ज्यादा वाला भी हम मान लें तो उस के मुताबिक 60,000 ऐसे हैं जिन्हें कि इन आंकड़ों के आधार पर 20 साल में बिजली दी जा सकी है। औसतन अगर देखें तो यह मानना पड़ेगा कि जिस रफ्तार से यह कार्य चल रहा है उसी रूप से चलता गया तो बहुत से गांव ऐसे रहेंगें जिनको कि 200 वर्ष बाद जाकर कहीं बिजली मिल सकेगी। 200 वर्ष तक यह सारे देश को बिजली देने का काम पूरा नहीं कर सकेंगें। भारत जोकि एक कृषि प्रधान देश है भारत जोकि गांवों में बसता है, क्या वह देश 200 वर्ष तक रावसाहब से बिजली पाने के लिए इंतजार करता रहेगा? फिर अभी तक जिन गांवों में बिजली दी जाती है वहां उस में केवल चंद प्रकाश के लट्टू लगा दिये जाते है और बिजली न गृह उद्योगों के लिए मिलती है और न ही सिंचाई के लिए मिलती है। इसलिए मेरी अर्ज है कि बिजली देते समय गांवों को प्राथमिकता देनी चाहिए और वहां सिंचाई और गृह उद्योग को अधिक से अधिक बिजली मिले इस के लिए प्रयत्न करना चाहिए। मेरा यह भी सुझाव है कि जहां जहां बड़ी पंचवर्षीय योजनाओं के आधार पर बिजली उत्पादन का काम हो रहा है उन सब का अगर एक ग्रिड बना दिया जायेगा तो देश में हम ज्यादा सेवा कर सकेंगे। मुझे जो समय दिया गया उस के लिए मैं आभार प्रदर्शित करता हूं।

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : Sir, I would like to raise only two or three points. As the hon. Minister, Dr. K. L. Rao, very well knows, in Tamilnadu we do not have many river water sources, either major or medium. Fortunately, we have thousands of small lakes and tanks about which we prepared a scheme costing about Rs. 100 crores. Unfortunately, the Irrigation and Power Ministry now tell us that this is not a subject with which they are concerned, as it comes within the province of the Ministry of Food and Agriculture. But the total allocation of the Agriculture Ministry under this head is so meagre that even if they give a major portion of the allocation it would not touch even a fringe of the problem we are facing today. This is the dilemma for us-this is the only major source of irrigation for us available within the state and neither the Irrigation Ministry nor the Agriculture Ministry would help us to tap or improve this potential. So, I would only ask Dr. K. L. Rao to take up this issue with the Minister concerned and also with his Government and

[Shri Kandappan]

see that the only possibility that is there in Tamil Nadu gets some assistance from the Centre.

16 hrs.

Then, I would like to place one more thing for his consideration. I would like to remind Dr. K. L. Rao that he was directly concerned in that project of the former composite Mad as State. There was an investigation project considered by the name of Ramapadasagar project. Shri Tenneti Viswanatham and other Members who happened to be there at that time in the Assembly might be knowing about it. That was with regard to having a dam across the Godavari river and diverting the waters into the Krishna river and from the Krishna taking it to the North Pennar and from there diverting it to either Veeranam lake or the Cauveri river. That was prepared as a major project and about Rs, 150 plus Rs. 70 crores were envisaged for that. I understand that at that time there was dispute between the engineers in my State headed by Dr. K. L. Rao and the Central Government, and it seems that the engineers in the State wanted to execute the programme on their own whereas the Central Government came in the way and they said that they would execute the programme. For this statement of mine, I am relying on the authority of an old Congressman who has recently written an article over this issue. It seems that Dr. K. L. Rao at that time was presiding over this affair. Even today, unfortunately, the waters of the Godavari and some other rivers in Andhra Pradesh are not being fully utilised. I think, subject to correction that only 20 to 30 per cent of the water availability is being utilised today. If the Central Government could seriously take up a programme of this magnitude in consultation with the Andhra Pradesh Government and the Tamilnadu State Government-of course, the Tamilnadu State can also be asked to share some of the financial involvement since that State would also benefit out of this scheme-that would be a good scheme which would cover a lot of area in that Andhra and Tamil Nadu belt. This is another suggestion that I would like to make to the hon. Minister and I hope he will consider it.

Some hon. Members have raised the issue of raising the rank of our hon. Minister Dr. K. L. Rao. I think the House and the country would appreciate if he is given a Cabinet rank; there is no doubt about it. This only goes to show the scant regard that the Central Government has got for irrigation and its importance for the country. That is how I look at it. It is precisely because of this attitude of the Government that I feel even the justification for a department at the Centre in this regard is not fully respected. When we look at the Gandak and Kosi projects, what do we find ? This morning, the report on the Gandak project was submitted. It would be very interesting to note that they had constructed a canal on the Bihar side hoping that the Gandak waters would flow into it, before the western portion of that canal on the UP side was not taken up.

SHRI BISHWA NATH ROY (Deoria) : On the UP side also, the work has been going on. The hon. Member seems to have got wrong information.

SHRI S. KANDAPPAN : The Bihar portion was completed two years back, but the UP portion was still to be taken up. The result is that the money that was invested on the Bihar portion of the Canal was wasted and became infructuous. The Centre which was all along dealing with this issue was not able to coordinate probably because they were not able to command the respect of the states. If this is going to be the situation in regard to such a vital and important portfolio like irrigation in our country I fear that things cannot improve very much in the near future. I hope that Dr. K. L. Rao with all the support that he can muster in this House would put up a brave fight and see that there is some improvement in irrigation in the near future in our country.

16. 04 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, Shri Brij Raj Singh-Kotah, he will have only two minutes.

SHRI BRIJ RAJ SINGH Kotah (Jhalawar) : I am very grateful for the kind privilege given to me to speak for two minutes. I would like to draw the hon. Minister's attention to the acute problem in our area namely the Chambal-commanded area as far as waterlogging is concerned. There is a pilot project working there for irrigation, drainage, land shaping and land reclamation. According to the official figures given by Government, the level of water table rising up from O to 5 feet, that is, up to the root zone of the crops, was for 44,000 acres in June 1968. From O to 10 feet, the area was 3,22,000 acres in the Chambal-commanded area of Rajasthan.

This problem is most acute and because of this waterlogging production has gone down. Salts have come up and all the resulting ills that are there have cropped up. Orchards by the hundreds and trees by the thousands, mangoes and citrus trees etc., which used to grow here so profusely, have now withered away.

I am told that this pilot project which was doing excellent work is under the Government of Rajasthan and that they have not sanctioned further funds for it. I would request and urge upon the hon. Minister that he will see that this project continues the work it is doing. There is such a lot of work to be done. If I were to narrate everything here, I do not think I would have the time to do justice to it.

As the hon. Member, Shri Kushwah, was saying, the Chambal ravines are a problem by themselves. They start right down from Kotah and end up where the river meets Etawah. Your department is trying to relcaim the land. It says that the cost of reclamation will come to Rs. 100 an acre. We also have a town called Etawah in the district of Kotah and their experience has shown that the reclamation charges are no less than Rs. 500 an acre and this area alone would need at least Rs. 30 crores to make the land arable.

So, with very limited time at my disposal, I would only request the hon. Minister to see that the acute problem of waterlogging is tackled, that the pilot project which is working in Kotah and which has four pilot demonstration projects--two in Bundi District and two in Kotah District--are made to work and that he takes serious note that if reclamation has to be done it has to be tackled on a real, wide national sale. That is all I have to say.

MR. DEPUTY-SPEAKER : A number of hon. Members could not get an opportunity and this is a debate in which every State and every region is interested. So, I will permit a few questions, Shri K. N. Pandey.

श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया) : मेरा नाम कांग्रेस की लिस्ट में था, मुझे नहीं बुलाया गया ।

MR. DEUPTY-SPEAKER : I have got to see that all regions get an opportunity as far as possible; otherwise; it is not possible to manage, because this is a subject in which every State is interested. I will permit you one question.

SHRI BISHWANTH ROY : There is no question of putting questions...(*Interruption*)

SHRI ONKARLAL BOHRA (Chittorgarh) : Rajasthan has not been represented. वहां के लोगों को इसका मौका दिया जाना चाहिये ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : An independent Member has made the contribution. I must see that all sides are represented.

SHRI ONKARLAL BOHRA : The Congress Party list of speakers was given and there were two or three names in it from Rajasthan.

श्री रमेशचन्द्र व्यास (भीलवाड़ा) : जब से मैं इस सदन का सदस्य बन कर आया हूं, तब से मुझे एक शब्द भी बोलने का अवसर नहीं दिया गया है । कल से इन्तजार में बैठा हुआ हूं । फिर मैं आज का सदस्य नहीं हूं । जब आप विरोधी दल में बैठते थे, तब भी मैं कांग्रेस का सदस्य था । लेकिन इतना पुराना

[श्री रमेशचन्द्र व्यास]

सदस्य होने पर भी आप ने मौका नहीं दिया। राजस्थान के दो राजाओं को आप ने मौका दिया....

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is their time, What can I do ?

श्री रमेशचन्द्र व्यास : लेकिन मुझ को मौका मिलना चाहिये। यह मेरे साथ ज्यादती है और मैं वाक-आउट करता हूं। आप कांग्रेस वालों को भी चुन-चुन कर मौका देते हैं।

16.09 hrs.

(SHRI RAMESH CHANDRA VYAS ; then left the House.)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH) : Sir, it is with profound regret that I wish to bring to your notice that speakers mentioned in the list supplied on behalf of the Congress Party for your great consideration in calling speakers, according to reports received by me, have not been called to speak. I seek your indulgence and assistance because I have also a duty to discharge to my party.

MR DEPUTY-SPEAKER : Your time is so limited that if I had followed the serial list some of the States would never get a chance. For instance, the representative from Kashmir would never get a chance and he has something to say. If someone from the Opposition pleads the case of Rajasthan and then I bypass Rajasthan and call someone from, say, Mysore, I think, I am doing justice I would assure the Minister of Parliamentary Affairs that normally we take guidance from the list. But if it is expected that every time we are to follow it, it would not be doing justice to the debate and to the States.

There is another factor.

There are Members who never get an opportunity to participate in the debate. About Shri Randhir Singh, almost on every national debate, he participates. I cannot single him out. Therefore, if there is anything, I would suggest that if in respect of certain Members who never get an opportunity--it is possible I might slip over them-the whips point out to me that this is the case, I will, certainly, accommodate them. But normally, on national debates of this nature, accommodation must be made. You will appreciate my concern...

SHRI ONKARLAL BOHRA : Mr. Vyas has not spoken for the last 15 years.. (*Interruptions*)

SHRI BISHWANATH ROY : I did not get a chance to speak on the Railway Budget, the General Budget and the President's Address even though my name was given by the Whip. Again, this time, I did not get a chance even though my name was given.

SHRI RAGHU RAMAIAH : I appreciate your difficulty, Sir. But I would like you to appreciate our difficulty also. In preparing the list. we do take into account whether each State has been represented or not and whether each Member has spoken or not. We do not do it recklessly. We give consideration to that. If, after that, we find none of the names are called or called in such a manner that we ourselves are misunderstood in our party. I seek your indulgence for guidance, help and assistance.

MR. DEPUTY SPEAKER : If it is insisted that I call them serially, I will not be responsible because I will not be doing justice to the House. Yesterday, for instance the names that I incorporated were from a distant area, from Centrally-administered areas. They get only once in a while an opportunity to ventilate their grievances. Even going out of the way, I gave them an opportunity. I think, that is fair. But I appreciate your difficulty. We can try to solve it in a way that no injustice is done to anyone.

श्री महाराज सिंह भारती (मेरठ) : मुख्य कठिनाई तो यह है कि समय कम दिया गया है।

MR. DEPUTY SPEAKER : That is the main difficulty. What can I do ? You should fight for more time in the Business Advisory Committee meeting. Every time, I cannot extend time. I have discretion to extend time for half an hour only. In the Business Advisory Committee, your representatives are there and the Minister of Parliamantry Affairs is also there. We can adjust time. But every time, we are extending time. This is a subject in which every region, all the rural areas, is interested. I know how many slips I have got. I cannot help it. I will permit only a few questions.

SHRI K. N. PANDEY (Padrauna) : The hon. Minister has full knowledge of the grave situation caused by the Bari Gandak flood. I am thankful to him that he visited the area twice. Now, the flood has gone to such an extent that there is even a danger that the line between Chitoni and Khada will also be washed away. May I know what steps he is going to take to see that before the rainly season starts, the area may be saved from floods.

SHRIMATI JYOTSNA CHANDA (Cachar) : May I know from the hon. Minister what progress has been made in regard to the Barak project and whether he is going to include it in the Fourth Plan.

श्री ओंकार लाल बोहरा : मैं एक विशिष्ट प्रश्न की ओर मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं। आपने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए पोंग बांध बनाने का निश्चय किया है और सन् 1972 तक आप उस बांध को समाप्त करना चाहते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उस में साठ प्रतिशत रुपया राजस्थान का लगेगा और 47 प्रतिशत हरियाणा और पंजाब का। राजस्थान सरकार ने वायदा किया है कि इस पोंग बांध के अन्दर जो तीस हज़ार लोग विस्थापित होंगे उनको राजस्थान में जगह दी जाएगी और सवा तीन लाख एकड़ ज़मीन उनको राजस्थान में खेती के लिए दी जाएगी। मैं कहना चाहता हूं कि जब तक आप राजस्थान नहर को बनाने का फैसला नहीं करेंगे तब तक इस पोंग बांध से राजस्थान को कोई फायदा नहीं होगा। इसका कारण यह है कि पोंग बांध का पानी राजस्थान नहर को तभी मिल सकता है जब राजस्थान नहर पहले बने। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस पोंग बांध के साथ यदि आपने राजस्थान नहर का साथ साथ निर्माण नहीं किया तो उसका नतीजा यह होगा कि न पोंग बांध बन सकेगा और न राजस्थान नहर। इस वास्ते मैं जानना चाहता हूं कि क्या राजस्थान नहर को भी आप साथ साथ समाप्त करेंगे, उसको भी साथ साथ पूरा करेंगे ?

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru): This is about Neiveli Corporation's power distribution to the neighbouring States. Recently the Committee on Public Undertakings has remarked severely against the execution of the Neiveli Corporation's power distribution to the neighbouring States. The Committee does not consider it desirable that the Corporation should think of dealing with one party alone, namely, the Madras State Electricity Board, instead of asking for the requirement of all the neighbouring States and distributing power equitably among them at the same cost. The Madras State Electricity Board is purchasing from Neiveli at the cost of Central Government, four Paise or five Paise, and they are selling that to the neighbouring States at a higher cost. I would request the hon. Minister to clarify the position of the Government of India and the action to be taken to implement the recommendation of the Committee on Public Undertakings.

SHRI S. M. KRISHNA (Mandya) : I would like to pose the war of nerves that is going on between Dr. Rao and Mysore, with particular reference to a project known as 'Hemavati project' in the Cauvery Basin. Our agreement with Madras is up for renew and reconsideration in the year 1974 or 1972. But Dr. Rao has not so far given the clearance for Hemavati project--deliberately or for any other reason, I do not know. The Government of Mysore have made repeated attempts and they have made repeated trips to Dr. Rao to get the clearance

[Shri S. M. Krishna]

for Hemavati project. I would like to ask Dr. Rao what prevents him from giving clearance to this project.

श्री मोलहू प्रसाद (बांसगांव) : सिंचाई योजनाओं को तीन भागों में विभक्त किया गया है। एक तो सिंचाई विभाग है, एक बिजली विभाग है और तीसरे छोटी सिंचाई योजनायें हैं। मैं जानना चाहता हूं कि इन तीनों विभागों को एक ही विभाग के अन्तर्गत करने का क्या कोई प्रयास किया जा रहा है। अगर ऐसा नहीं होता है तो इसका परिणाम यह होता है कि जो गलतियां इन से होती हैं, उनको पकड़ा नहीं जा सकता है। छोटी सिंचाई योजनायें कृषि मंत्रालय के अन्तर्गत आती हैं, बड़ी सिंचाई योजनायें इनके अन्तर्गत आती हैं और बिजली विभाग दूसरे विभाग के अन्तर्गत आता है। चूंकि इन तीनों का बटवारा आपने किया हुआ है इस वास्ते सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती है। क्या आप ऐसी व्यवस्था करेंगे कि जहां पानी नहीं पहुंच रहे हैं वहां फर्टिलाइजर भिजवा दिया जाए ?

श्री शिंकरे (पंजिम) : मैं गोआ से आता हूं। वहां 125 इंच बरसात होती है। लेकिन वह सारा पानी समुद्र में चला जाता है। हमारी गोआ महाराष्ट्रवादी गोमान्तक पक्ष की गवर्नमेंट ने सजैस्ट किया था सैंटर को कि वहां तीन योजनायें चल सकती हैं। उसमें जहां तक सेलावली योजना का सम्बन्ध है इससे तो केवल गोआ का ही सम्बन्ध आता है। लेकिन जहां तक सेलावली को छोड़ कर अन्य दो योजनाओं का सम्बन्ध है अर्थात तिल्लारी और हिरण्यकेशी प्राजैक्ट्स. इनको महाराष्ट्र सरकार के सहकार के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। मैं जानना चाहता हूं कि चौथी योजना में आप इन में से कौन सी प्राजैक्ट को हाथ में लेने जा रहे हैं।

दूसरा प्रश्न मेरा बिजली के बारे में है। हमें अभी कोयना महाराष्ट्र और शेरावती (मैसूर) से बिजली मिलती है। वह बहुत मंहगी पड़ती है। गोआ जैसा छोटा सा प्रदेश इतनी मंहगी बिजली ले कर काम नहीं चला सकता है। फिर एक बात यह भी है कि वहां से जो बिजली आती है, उसकी जो लाइनें आती हैं वे पर्वतीय इलाके से आती हैं। जब बरसात होती है तब ये जो लाइनें हैं ये खराब हो जाती हैं और बिजली खंडित हो जाती है। इसलिए मैं कहूंगा कि हमारे यहां गोआ में जो दूधसागर फाल है, वाटर फाल है, क्या उसको हमेशा टूरिस्ट्स के आकर्षण के लिए ही रखा जाएगा या दूधसागर फाल का बिजली उत्पादन के लिए भी उपयोग किया जाएगा ? बीस साल पहले जब वहां पौरचुगीज गवर्नमेंट थी तब उसने स्वर्गीय विश्वेश्वरैया जैसे प्रख्यात इंजीनियर को बुलाया था और उन्होंने उसका सर्वे किया था और एक योजना भी दी थी। उस वक्त भी वहां की सरकार चाहती थी कि इसका बिजली उत्पादन के लिए उपयोग किया जाए। मैं जानना चाहता हूं कि क्या इसका जल्दी से जल्दी सर्वे किया जाएगा और इस योजना को हाथ में लिया जाएगा ?

श्री विश्वनाथ पाण्डेय (मलेमपुर) : मैं एक बहुत ही गम्भीर प्रश्न की ओर सिंचाई मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं। वह सौभाग्य से बहुत ही कुशल इंजीनियर भी हैं। गत वर्ष वह बलिया जिले में गए थे और दुर्भाग्य से या सौभाग्य से बलिया जिले और देवरिया जिले में दो भयंकर नदियां बहती हैं गंगा और घाघरा।

बड़े बड़े सुन्दर गांव और कस्बे इन दोनों नदियों के कटाव के अन्दर हैं। जब सिंचाई मंत्री महोदय बलिया पधारे थे, इन्होंने वचन दिया था–घाघरा नदी के किनारे जो गांव कटाव में हैं, बलिया और देवरिया जिले में, उन

का संरक्षण करेंगे और संरक्षण कर के ऐसी व्यवस्था करेंगे जिससे कि वे गांव कटाव से वंचित हो जायं। मैं जानना चाहता हूं कि घाघरा नदी के किनारे और गंगा नदी के किनारे के जिन गांवों के प्रति इन्होंने विश्वास दिलाया था, उन के बचाव के लिये इन्होंने कौन सा काम किया है, उन का संरक्षण किया है या नहीं ? यदि नहीं किया है तो कब करने वाले हैं ?

श्री रामावतार शास्त्री (पटना): उपाध्यक्ष महोदय, पटना बिहार की राजधानी है, आप जानते हैं, मंत्री महोदय भी जानते हैं। मैं उसी के सिलसिले में पूछ रहा हूं। पटना में अक्टोवस द्वारा कम्पनी संचालित पटना इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी है और दूसरा वहां पर बिहार बिजली बोर्ड है। बिहार बिजली बोर्ड का बिजली रेट कुछ है और उस से ज्यादा रेट पटना इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी ने रखा है। किसानों को ज्यादा रेट पर पानी देते हैं, जिसको लेकर हाई कोर्ट में कुछ मुकदमें भी चले। वहां के लोगों ने बार बार मांग की है कि बिजली का रेट ज्यादा होने से वहां के उद्योग धन्धों के विकास में गड़-बड़ हो रही है, किसानों को सिंचाई के लिये ठीक से पानी नहीं मिलता है। पटना इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी और उसी तरह की दरभंगा इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी को सरकार अपने कब्जे में ले ले, ताकि वहां पर जो दो रेट चल रहे हैं बोर्ड का अलग और कम्पनी का अलग-वे समान हो सकें। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार इस के बारे में क्या विचार कर रही है ? सरकार जल्द से जल्द इन को अपने कब्जे में ले ताकि वहां की जनता की आशा और आकांक्षा पूरी हो सके और पटना इलैक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी की मनमानी और लूट खत्म हो सके।

श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारा इलाका गंगा और घघर दोनों से कट रहा है, जिसको राष्ट्रपति शासन काल में हमारे इन्जीनियर्स देख आये हैं। अगर उस में अप्रैल तक काम नहीं हुआ तो बलिया का दो-तिहाई हिस्सा डूब जायेगा, इस से 20 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। भारत सरकार और यू० पी० सरकार के जो इन्जीनियर्स वहां गये थे, उन्होंने एक योजना बनाई थी, जिस पर डेढ़ करोड़ रुपया खर्च होने वाला था। अब केन्द्र सरकार यह कह रही है—कि तुम्हारे यहां सरकार बन गई है, इस लिये अब तुम अपनी सरकार से बात करो। हमारा यह कहना है कि पटेल कमीशन की रिपोर्ट के अनुसार हमारा जिला बैकवर्ड माना गया है, उस के विकास के लिये सारा काम भारत सरकार के सुपुर्द है, इस लिये भारत सरकार को उस पर काम करना चाहिये।

श्री बेनी शंकर शर्मा (बांका) : मैं माननीय मन्त्री का ध्यान बड़ुआ डैम की तरफ दिलाना चाहता हूं। वहां दो नहरें हैं - एक पश्चिमी और दूसरी पूर्वी। पश्चिमी नहर 20 फुट नीची है और पूर्वी नहर 20 फुट ऊंची। जो पूर्वी नहर है उस में 75 प्रतिशत कमाण्ड एरिया है और पश्चिमी नहर में 25 प्रतिशत कमाण्ड एरिया है, इस तरह से पूरब की नहर ऊंची होने के कारण 75 प्रतिशत कमाण्ड एरिया वाले इस क्षेत्र को पानी नहीं मिल रहा है। मैं चाहता हूं कि इन दोनों नहरों का लेवल एक किया जाए। गत वर्ष भी मैं ने इस प्रश्न को सदन में उठाया था और माननीय मन्त्री डैम पर गये भी थे और उन्होंने अपने मातहत इन्जिनियरों को कुछ डाइरैक्टिव्ज भी दिये थे। मैं जानना चाहता हूं कि उन के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही हुई है और उन दोनों नहरों के धरातल को समान किया जा रहा है या नहीं ?

दूसरे—चान डैम करीब करीब बन गया है, लेकिन जो नहर उस से निकलने वाली है, उसके लिये कहा गया है कि अभी तक टैकनीकल क्लियरैंस नहीं दिया गया है। मैं जानना

[श्री बेनी शंकर शर्मा]

चाहता हूं कि यह क्लियरेंस कब तक दे दिया जायेगा, क्योंकि डैम बन गया है, किन्तु नहर नहीं बनी ऐसे डैम से क्या फायदा होगा ।

DR. P. MANDAL (Vishnupur): There was unimaginable and unprecedented, devastating flood in the North Bengal in 1968. The Prime Minister and the Deputy Prime Minister visited North Bengal and they declared then and there that finance will not be a hurdle for rehabilitation and hydro-electric power schemes. But till now the affected people were not rehabilitated and the power project also not completed. In the Farraka Barrage project the controversy arose over the question of submersible cellular coffer dam. Some local engineers felt that such a method would not work in alluvial rivers in monsoon areas where fluctuations of the water level is very much between flood months and dry months. A number of Russian experts were brought in. They strongly supported the idea that submersible Cellular coffer dam will work satisfactorily. Since some of the engineers still maintained that such a system would not work in the central part of the river it was decided that some cells would be put up in the river. Trial cells were accordingly put up at a considerable expense and a large quantity of cellular coffer dam piles were also purchased for the main works in anticipation of the method proving successful. But after the first floods it was found that the cells were not there. They had to be found out by magnetic surveys below the river. It is a mere wastage of foreign exchange. I want to know what is being done in this regard.

The Kangsabati project has been taken up in the 2nd Five-year Plan and not even one third of the work has been completed. If it is completed it will irrigate 8 lakh acres of land and save the lower Midnapore from flood. It was a scheme costing Rs. 22 crores. Because the project has been delayed it has cost Rs. 50 crores. May I know whether sufficient funds will be allotted to complete the work ?

SHRI DHIRESWAR KALITA (Gauhati): I want to ask only one question. This is about the Kapilli Valley Project. It is a multipurpose project in Assam. It has got three-fold purpose. One is flood control; the second is irrigation and the third is power generation, for which the Government of India and State Government have spent some crores of rupees. Uptill now the plan has not yet been executed. The Government of India has not given any help in the implementation of the national project. I want to know from the Government whether the Government of India will give clearance soon to this project.

श्री मीठा लाल मीना (सवाई माधोपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान के उत्तरी भाग में जिस प्रकार सरकार ट्यूब-वैल बना रही है, ऐसी ही व्यवस्था दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में भी होनी चाहिये । वहां के किसान उस का खर्च स्वयं वहन करने के लिये तैयार हैं, लेकिन पहला ट्यूबवैल सरकार लगाये, क्योंकि उनको विश्वास नहीं है कि ये ट्यूब-वैल सफल होंगे या नहीं । अगर पहला ट्यूबवैल सरकार लगा कर बतला दे, तो आगे के लिये वे उस का खर्च किसान स्वय वहन करने को तैयार हैं । मैं यह सुझाव राजस्थान के सवाई-माधोपुर जिले के लिये दे रहा हूं । क्या सरकार इस तरह का ट्यूबवैल खोलेगी ?

किसानों को बिजली देने में वहां बहुत भ्रष्टाचार हो रहा है । मैं चाहता हूं कि उस को दूर करने के लिये सरकार कुछ कदम उठाये ।

श्री भोलानाथ मास्टर (अलवर) : मन्त्री महोदय दिल्ली से अलवर हो कर जयपुर को बिजली की लाइन से जोड़ना चाहते थे । लेकिन राजस्थान सरकार कहती है कि इस को आल इण्डिया ग्रिड में ले लिया जाये और वह कर्जा हमारे नाम अभी डाल दिया जाये—अगर ऐसा आप कर दें तो उस को वह मन्जूर करने के लिये तैयार हैं । राजस्थान सरकार इस समय 40 करोड़ रुपया फैमीन पर खर्च कर रही है,

इस लिये वह पैसा अपने खर्च में डालने के लिये तैयार नहीं है । मैं चाहता हूं कि आल इण्डिया ग्रिड में पहले से ही कर्जा राजस्थान के नाम डाल कर जयपुर से दिल्ली को जोड़ दिया जाये ।

श्री रमेश चन्द्र व्यास (भीलवाड़ा) : मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं—पौंग डैम 1972 तक पूरा हो जायेगा, लेकिन उस के लिये नहर बनाने के वास्ते पैसा नहीं है । उस में डूबने वाले जितने भी हिमाचल प्रदेश के लोग हैं, उन को राजस्थान में बसाने का जिम्मा लिया गया है, लेकिन अगर वहां पानी नहीं जायेगा तो वे कैसे बसेंगे । इस लिये मैं चाहता हूं कि नहर बनाने का खर्च राजस्थान सरकार की मांग के अनुसार दिया जाना चाहिये ।

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं डा० राव से जानना चाहता हूं कि कोल्हापुर जिले में जो एक दूध गंगा प्रोजेक्ट है जिससे कि डा० राव भी स्वय काफी वाकिफ हैं कि वह बहुत ही फायदे मन्द प्रोजेक्ट हैं-वहां पर एक कोआपरेटिव शुगर फैक्टरी भी शुरू हो गई है जिसको कि इसी आधार पर इजाजत मिली थी कि वहां पर प्रोजेक्ट बनने जा रहा है-और वह इलाका भी बहुत पिछड़ा हुआ है, तो क्या उस प्रोजेक्ट को आप चौथी योजना में स्थान देंगे ?

